

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 326 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 13 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया





# रैली के 'वेन्यू' को लेकर भी मतभेद....

## I.N.D.I.A में दरार! कांग्रेस के साथ मंच साझा नहीं करना चाहते क्षेत्रीय दल

नई दिल्ली. विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में रैली के जगह को लेकर गंभीर मतभेद उभर गए हैं. क्षेत्रीय दल आने वाले विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस के साथ रैली का मंच साझा करने को तैयार नहीं हैं. सूत्रों के मुताबिक इन दलों ने कांग्रेस से कहा है कि जब चुनाव अलग-अलग लड़ना है, तो एक मंच पर खड़े होने से उनको नुकसान होगा.

'इंडिया' गठबंधन में विधानसभा चुनाव से पहले साझा रैलियों पर एकराय नहीं बन पा रही है. लिहाजा मंगलवार को होने वाली कैम्पेन कमेटी की बैठक टाल दी गई है. मुंबई बैठक के बाद देशभर में दिल्ली, चेन्नई, गुवाहाटी, पटना और लखनऊ में साझा रैली के साथ ही चुनावी राज्यों में भी ह्यइंडियाह्ल गठबंधन की साझा रैली का प्रस्ताव आया था.

### नहीं हो सकी कैंपेन कमेटी की बैठक

गठबंधन में शामिल कई दलों ने इस बात आपत्ति जताई है कि कई राज्यों में घटक दल एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं और इसीलिए साझा रैली से उनके वोटर भ्रमित हो जाएंगे. इस वजह से कांग्रेस के साथ मंच साझा करना उनके लिए घाटे का सौदा साबित होगा. इसी मतभेद की वजह से मंगलवार को होने वाली कैंपेन कमेटी की बैठक नहीं हो पाई. अब ये बैठक 13 सितंबर को शरद पवार के घर पर होने वाली समन्वय समिति की बैठक के बाद होगी.

### सीटों का बंटवारा पहले ही 'इंडिया' के लिए परेशानी का सबब

कांग्रेस के साथ सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा पहले ही समस्या बना हुआ है. 'इंडियाह्ल गठबंधन की कैम्पेन कमेटी की पहली बैठक में कांग्रेस की तरफ से प्रस्ताव आया कि शुरूआत में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं वहां की राजधानियों में 'इंडिया' के नेताओं की सामूहिक रैलियां आयोजित की जाएं. साथ ही देश भर में सन्देश देने के लिए बाद में राजधानी दिल्ली, पटना, लखनऊ सहित अन्य राज्यों में भी सामूहिक रैली हो, लेकिन सहयोगी दल इसके लिए तैयार नहीं हैं.

दरअसल आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधानसभा चुनावों में दम ठोक रही है. वहीं, सपा राजस्थान और मध्यप्रदेश में उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है. ऐसे में सहयोगी दल चाहते हैं कि विधानसभा चुनावों में जब कोई समझौता नहीं है, तो सब अलग-अलग प्रचार करें और चुनाव लड़ें. विधानसभा चुनावों के बाद इन राज्यों में 'इंडिया' की सामूहिक रैलियां हों.

### 13 सितंबर को समन्वय समिति की बैठक

विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्ल की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होगी. गठबंधन के नेताओं ने बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (र-ाकंपा) के प्रमुख शरद पवार के आवास पर होने वाली इस बैठक में गठबंधन की रणनीति और भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी.

आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रितक गठबंधन (एनडीए) का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलाइंस (इंडिया) का गठन किया है. 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं की पिछले दिनों मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया था. समन्वय समिति विपक्षी गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करेगी.

## ऊना नगर पालिका में भाजपा पदाधिकारियों के बिनहरिफ वरणी अध्यक्ष पद पर परेशभाई बांभणिया को नियुक्त किया गया है।

उपाध्यक्ष के रूप में दर्शनाबेन मयंकभाई जोशी और अध्यक्ष के रूप में धीरूभाई सहित पदाधिकारियों को बधाई।

पिछले छह कार्यकाल से ऊना नगर पालिका में ग्रीन पार्टी के रूप में भाजपा के बहुमत वाली ऊना नगर पालिका के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद आज साधारण बैठक ऊना नगर पालिका में नौ नियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए नगर निगम सभागार में प्रांतीय पदाधिकारी रावल साहब की अध्यक्षता में बैठक हुई. इस बैठक में मुख्य पदाधिकारी श्री चौहान साहब श्री गोपालानी साहब मौजूद रहे, भारतीय जनता पार्टी के 34 सदस्य मौजूद रहे. जिनमें से श्री परेशभाई बाबूभाई बंभानिया को अध्यक्ष और सुश्री दर्शनबेन मयंकभाई जोशी को उपाध्यक्ष के रूप में शेष ढाई साल के कार्यकाल के लिए गुजरात भाजपा द्वारा आदेश दिया गया। धीरूभाई मणिलाल छग को अध्यक्ष और श्री राजुभर को किशोरभर से गयास्वामी को नेता के रूप में चुना गया। शक्श पार्टी के और श्री हंसाबेन पंसुरिया को दंडक के रूप में सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। विधायक श्री कालूभाई राठौड़ ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से अभिनंदन किया। वहीं, इस अवसर पर उपस्थित जिला भाजपा के मंत्री एवं ऊना शहर के प्रभारी श्री

## पशु टीन शेड में सवा चार लाख घोटाले के मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

### शासन के निर्देश पर बीडीओ ने एक माह बाद पूराकलंदर थाने में दर्ज कराया मुकदमा

समाज जागरण




अयोध्या। विकासखंड मसौधा क्षेत्र के मैनुद्दीनपुर गांव में चार पशु शेड का बिना निर्माण हुए लगभग सवा चार लाख रुपए निकाले जाने के मामले में एक माह बाद ब्लॉक के एपीओ सहित आठ कर्मचारियों के विरूद्ध शासन के निर्देश पर धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मैनुद्दीनपुर गांव में विमला पत्नी राम उजागिर, सरोज देवी पत्नी अवधेश, शारदा पत्नी फूलचंद्र, गुड्डा देवी पत्नी श्रीचन्द्र का पशु शेड मंजूर हो गया और पशु शेड बिना बने ही चार लाख तेरह हजार तीन सौ इक्कीस रुपए का भुगतान हो गया था। इसकी शिकायत गांव निवासी नरेंद्र तिवारी ने किया था। खंड विकास अधिकारी मसौधा रशेस गुप्ता ने पूराकलंदर थाने पर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया।

थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि बीडीओ की तहरीर पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अतुल पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर सत्य प्रकाश, तकनीकी सहायक उदय प्रताप सिंह, लेखाकार अतहर सिद्दीकी, रोजगार सेवक महेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल पांडेय, पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी शालिनी वर्मा, सत्य सांई इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर दुर्गेश्वरी मौर्या के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू की गई है।

## *जिला स्तरीय अखिल भारतीय विद्यालय खेल महोत्सव श्री अम्बाड़ा प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ।*

समाज जागरण



सोमनाथ जिला स्तरीय खो-खो (अंडर 14 भाई-बहन) खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न छात्र एवं छात्र-ाओं की कुल 19 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन ऊना तालुका के माननीय विधायक श्री के.सी. द्वारा किया गया। राठौड़ साहब की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने एवं विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल नांदोला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेल का शुभारंभ श्री कालूभाई के आशीर्वाद से टॉस उछालकर किया गया। प्रत्येक टीम के विजेताओं एवं सभी टीमों के खिलाड़ियों को विधायक श्री द्वारा शील्ड एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। रिपोटर मयंक जोशी उना गीरसोमनाथ

## हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को किया गिरफ्तार

समाज जागरण



चण्डीगढ़, सितम्बरः राजस्थान के दो मुस्लिम युवकों (नासिर और जुनैद) की हत्या और 31 जुलाई की नूंह हिंसा में आरोपित मोनू मानेसर को पुलिस ने पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि, मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस ने दबोचा। मोनू का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। एक न्यूज एजेंसी ने मोनू का यह वीडियो शेयर किया है। वहीं मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस द्वारा पकड़े जाने की खबर पर राजस्थान के भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कछावा ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को हिरासत में लिया है, जो नासिर और जुनैद हत्याकांड मामले में वांछित आरोपी है।

उक्त पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि हरियाणा पुलिस मोनू मानेसर को लेकर आगे की विधिक कार्रवाई को अंजाम दे रही है। हमारे अधिकारी हरियाणा पुलिस के संपर्क में हैं। जब हरियाणा पुलिस की कार्रवाई पूरी हो जाएगी तब हमारी जिला पुलिस अपनी कार्रवाई शुरू कर देगी। बता दें कि, मोनू मानेसर की पहचान बजरंग दल के एक सदस्य और गौ रक्षक के रूप में है।

शेष भाग पृष्ठ संख्या 10 पर

## शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए शिक्षिकाओं का सम्मान

सिरोही राजस्थान ÷ चंद्रकांत सी पूजारी



राजस्थान शिक्षक संघ ( राष्ट्रीय) जिला सिरोही की महिला समूह बैठक का अयोजन दिनांक 10 सितंबर रविवार को पिंडवाडा में कोजरा चौराहा नेशनल हाईवे स्थित जय बाबा रामदेव होटल के सभागार में आयोजित हुई। जिसमें जिले की महिला शिक्षिकाओं ने भाग लिया। बैठक के मुख्य कार्यक्रम पंजीयन, अल्पाहार, माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलन, भारत माता की वंदना के बाद उद्घाटन , अतिथि सम्मान व बौद्धिक सत्र रहा जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. कंचन चारण द्वारा ओजस्वी उद्बोधन दिया गया। जिला संगठन मंत्री व कार्यक्रम संयोजक मृदुला शर्मा, जिला महिला मंत्री सरिता मीना, संभाग संगठन व पर्यवेक्षक मंत्री ऋतु भटनागर,पिंडवाडा ब्लॉक की संयोजिका पूर्णिमा पटेल द्वारा डॉ. कंचन चारण व जिले के सभी ब्लॉक की संयोजिका व सह संयोजिका का सम्मान किया व अपने विचार व्यक्त किये।

सम्मान की श्रृखंला में पिंडवाडा ब्लॉक की संयोजिका ने नवोदित लेखिका, शाइरा और कवयित्री श्री मती मीनाक्षी कुमावत 'मीरा' से परिचित करवाया। देश - विदेश में अपनी साहित्यिक उपलब्धियों से अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए डॉ. कंचन चारण द्वारा माला पहना कर और श्रीमती वर्षा देशपांडे द्वारा स्मृति चिन्ह देकर संगठन की और से मीनाक्षी कुमावत को सम्मानित किया गया। कुमावत ने शायरी और कविता द्वारा कार्यक्रम का माहौल खुश नुमा बनाया और संगठन को आभार व्यक्त किया। सेवानिवृत होने पर भी राजकीय विद्यालय में अपनी सेवा देने के पुनीत कार्य के लिए श्री मती रमिला मालवीय का भी अभिनंदन किया गया। समस्या संकलन व समाधान के आश्वासन सत्र के बाद कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई

## सरकार 2 साल से खराब हुई फसलों का नहीं दे रही मुआवजा- अभय सिंह चौटाला

निशा शर्मा ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण हरियाणा



चण्डीगढ़, सितम्बर। इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मंडियों में किसानों की धान और बाजरे की फसल की आवक शुरू हो गई है लेकिन सरकारी खरीद न होने के कारण किसानों को अपनी फसल कम दामों में बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है और भारी घाटा सहना पड़ रहा है। भाजपा गठबंधन सरकार किसानों की धान और बाजरे की फसल को तुरंत एमएसपी पर खरीदने का प्रबंध करे और यह सुनिश्चित करे कि मंडियों में किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने केंद्र की सरकार से भी मांग की कि बासमती चावल से निर्यात शुल्क को हटाया जाए ताकि किसानों को उसकी धान की फसल के उचित दाम मिल सकें।

इनेलो नेता ने कहा कि बाढ़ के कारण प्रभावित हुए गावों में लगभग एक महीने से पानी खड़ा है जिससे किसानों की सारी फसल बर्बाद हो गई और जान माल का बहुत बड़ा नुकसान हुआ लेकिन यह बहुत बड़ी विडंबना है कि भाजपा गठबंधन सरकार ने आज तक पानी की निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं किए हैं। बहुत से किसान ऐसे भी हैं जिनके खेत बाढ़ के कारण रेत से भर गए और सारी फसल खत्म हो गई। भाजपा सरकार तुरंत जो पानी खड़ा है उसकी निकासी का प्रबंध करे और किसानों की खराब हुई फसल का 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा दे। साथ ही जिन किसानों के खेतों में रेत भरा है उन्हें वो रेत बेचने की अनुमति दे ताकि किसान उनकी खराब हुई फसल के नुक्सान की भरपाई हो सके।

अभय चौटाला ने फसल बीमा कंपनियों पर भाजपा सरकार द्वारा संरक्षण देने के आरोप जड़ते हुए कहा कि प्राइवेट बीमा कंपनियां मनमानी कर रही हैं और हर साल किसानों से फसल बीमा के नाम पर प्रिमियम तो ले रही है लेकिन किसानों को दो साल से खराब हुई फसल का मुआवजा नहीं दे रही जिसके कारण किसान बुरी हालात में हैं।

## गेंदबाजों के दम पर भारत ने फाइनल का टिकट कटाया, श्रीलंका को उसी के घर में हराया

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है. टीम इंडिया ने श्रीलंका को 41 रन से हराया. श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए सुपर फोर मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजी ताश की पत्तों की तरह बिखर गई, लेकिन तारीफ करनी होगी टीम इंडिया के गेंदबाजों की जिन्होंने लो स्कोरिंग मुकाबले में भारत को यादगार जीत दिलाई. टीम इंडिया सुपर फोर में 15 सितंबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी. भारत की ओर से रखे गए 214 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 172 रन पर ढेर हो गई. श्रीलंका की ओर से धनंजय डी सिल्वा ने सबसे ज्यादा 41 रन की पारी खेली. लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत बेहद खराब रही और 25 रन के कुल स्कोर पर उसे 3 झटके लग चुके थे. चरित असलंका और धनंजय डी सिल्वा ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन यह जोड़ी भी उम्मीद जगाकर टीम को मझधार में छोड़कर चली गई.

# दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण, एक संवेदनशील आवश्यकता

**दैनिक समाज जागरण**

भारत के दिव्यांग जनों ने ओलंपिक में जिस तरह खेलों में अपना प्रदर्शन दोहरा कर स्वर्ण, रजत और अन्य पदक प्राप्त किए है, उसे देखकर उनकी क्षमता, ऊर्जा, शक्ति और जिजीविषा को दृष्टिगत रखे तो वे राष्ट्र की सलामी और अभिनंदन के हकदार हैं। पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की गणना के अनुसार दिव्यांगजन की जनसंख्या लगभग एक अरब है। भारत में ही 2011 की जनसंख्या के अनुसार 2.68 करोड़ दिव्यांगजन निवास करते हैं। आज की स्थिति में इनकी संख्या 3 करोड़ से ऊपर हो चुकी है। दिव्यांगजन प्राकृतिक रूप से शारीरिक क्षमता में कमी के कारण आम आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दिव्यांग जनों को कई श्रेणी में माना गया है जिनमें दृष्टि हीनता ,बधिरता,मुकता, चलने में असमर्थ, मानसिक कमजोरी , मानसिक रुग्णता, बहु दिव्यांगता आदि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है की सभी देशों में विकलांगों की समस्याएं अलग-अलग होने के बावजूद उनकी मूल समस्या एक जैसी है, जिसमें आमूलचूल बदलाव लाकर ऐसे व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। शरीर के किसी अंग अथवा मस्तिष्क के बाधित अथवा अपूर्ण विकास को दिव्यांगता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो मानव समाज की एक संवेदनशील समस्या है। जिसका सामना विश्व के सभी देशों के दिव्यांग जनों को करना पड़ता है। दिव्यांग जनों को मूलतः शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात आदि तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। इस संदर्भ में दृष्टि हिनता तथा बधिरता से ग्रस्त हेलेन केलर ने कहा कि "दृष्टि हिनों की प्रगति मुख्य बाधा दृष्टि हीनता नहीं, बल्कि दृष्टिहीन लोगों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच भी है" भारत सरकार ने इस संदर्भ में काफी विचार-विमर्श कर 1995 में विकलांगों के प्रति समाज के दायित्वों के निर्वहन हेतु विकलांग व्यक्ति अधिनियम पारित किया था, जिसे 1996 में लागू किया गया। अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए शिक्षा रोजगार सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही शासकीय नौकरी में विकलांगों का पद आरक्षित भी किया गया। इतना ही नहीं 1999 में एक अलग विकलांग राष्ट्रीय कल्याण तथा राष्ट्रीय न्यास का गठन किया गया, जिससे इनकी समस्याओं को समाधान हेतु सुना जा सके। इसके अतिरिक्त दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बनाया, जिससे इनके लिए अलग से कुछ पैमाने को निर्धारित कर विकास में सहभागी बनाया जा सके ऐसे प्रावधान रखे गए है। इसके अतिरिक्त 2015 में दिव्यांगों की शिक्षा नीति बनाई गई जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा के सुरक्षित तथा सम्मानजनक समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया। इनको शिक्षा से जोड़ने हेतु सुगम में पुस्तकालय नामक ऑनलाइन कोर्स प्रारंभ किया गया ताकि वह बटन क्लिक करने के माध्यम से पुस्तकों को पढ़ सकें, जिसके बाद इनकी नौकरियां व स्वरोजगार क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने हेतु 2016 में विकलांग अधिकारिता विभाग के परामर्श से एक जॉब पोर्टल की भी शुरूआत की गई। जॉब पोर्टल एकल मंच पर निशुल्क नौकरी के अवसर स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण व कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 2017 में दिव्यांग जनों की मदद के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांग साथी मोबाइल ऐप की शुरूआत की जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संबंधित विभिन्न उपयोगी जानकारी जैसे विभिन्न नियमों दिशानिदेर्शों योजनाओं छात्र वित्तीय एवं रोजगार संबंधी अवसरों के बारे में दिव्यांग जनों को सरल प्रारूप में जानकारियां उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। इससे दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रयासों को वास्तविक रूप से अमलीजामा पहनाया जा सके। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें लगातार प्रयास कर रही है कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उन्हें खेलकूद, विज्ञान टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं में पूरा पूरा स्थान प्राप्त हो सके, ऐसे प्रयास निरंतर जारी हो रहे हैं। और इन्हीं सब का परिणाम है कि आज दिव्यांगों को पहचान कर समाज में उनकी नई पहचान दिलाई जा रही है स्वरोजगार में इनकी संख्या बढ़ रही है शिक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है यहां तक कि नौकरियों मेल की भागीदारी काफी बढ़ी है। दिव्यांग व्यक्तियों ने खेल में अपना नाम बहुत ऊंचा किया है 20 18 में भारतीय दिव्यांग क्रिकेटरों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की टीम को हराकर ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम किया था और इस तरह देश का नाम ऊंचा किया। माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय विकलांग महिला अरुणिमा सिन्हा का नाम प्रमुख है। 2016 2020-21 पैरा ओलंपिक खेलों में दीपा मलिक ने अनेक पदक जीते उन्हें अर्जुन पुरस्कार भी दिया गया है। इसी प्रकार प्रसिद्ध एथलेटिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया का नाम प्रमुख है, जिन्होंने पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। 2020-21 में पैरालंपिक जापान में भारतीय खिलाड़ियों ने जिस कदर ओलंपिक पदकों की भारत के लिए श्रृंखला जीती वह अभूतपूर्व है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले भारतीय क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन,संगीतकार रविंद्र जैन, बैडमिंटन प्लेयर गिरीश शर्मा, ब्लाइंड क्रिकेट में 32 शतक लगाने वाले शेखर नायक, प्रसिद्ध डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुरेश आडवाणी आदि का नाम अत्यंत गौरवशाली सूची में शामिल है ।जिन्होंने न सिर्फ अपना बल्कि राष्ट्र का गौरव भी बढ़ाया है। यह सब दिव्यांग जनों के लिए अपनी पहचान बनाने के अलावा प्रेरणा स्रोत के रूप में भी तेजी से उभरे हैं। इनकी उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि दिव्यांगों में अपार क्षमताएं होती हैं तथा वे प्रेरणा दाई भी होते हैं। यदि इनके लिए अवसर और सशक्तिकरण के सफल प्रयास किए जाएं ,आधुनिक तकनीकी से इनकी क्षमताओं में वृद्धि की जाए तो इनमें क्षमताओं की वृद्धि की अपार संभावनाएं निहित हैं। भारत देश में जितने दिव्यांग निवास कर रहे हैं, अभी भी बेहतर परिणाम आना शेष है इसीलिए देश के विकास एवं प्रगति में दिव्यांगों की भूमिका तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरे समाज तथा शासन प्रशासन को आगे आकर इनकी हौसला अफजाई कर सामान्य जीवन की सुविधाओं में इजाफा किया जाना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य पेशेवरों, शिक्षकों, स्थानीय समुदाय, छोटी-छोटी संस्थाओं,स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को आगे आना होगा तभी दिव्यांग जनों को समावेशी विकास में शामिल किया जा सकेगा। यह शुभ संकेत भी है कि न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता मैं काफी वृद्धि हुई है, और यही कारण है कि विकलांगों को दिव्यांग जैसे सम्मान पूर्वक शब्दों से पुकारा जाता है, यदि समाज की भूमिका मानवीय तथा सामंजस्य पूर्ण होती है, तो दिव्यांग जनों को विकास की ओर अग्रसर होने तथा सामाजिक समरसता की मुख्यधारा में जुड़ने से कोई रोक नहीं सकता है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक ,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# विश्व में सर्वाधिक तीसरे नंबर की बोले जाने वाली भाषा है हिंदी

**दैनिक समाज जागरण**

राष्ट्र कोई भौगोलिक इकाई ही मात्र नहीं है, उससे अधिक कुछ और है। हमारी धर्म, भाषा, वेशभूषा, परंपरा रीतिरिवाज आदि के द्वारा बाहर से अलग दिखाई देने वाला राष्ट्र भीतर से एक ऐसे अंतर धारा से जुड़ा होता है, जो उसके प्राणों को सींच कर उसे सोशलिस्ट बनाता है। अगर ऐसा नहीं होता तो पंजाब के नानक, कश्मीर के ललधर, महाराष्ट्र के एकनाथ, उत्तरप्रदेश के कबीर, असम के शंकरदेव गुजरात के नरसी मेहता, सिंध के एवल, बंगाल के चौतन्य, दक्षिण के कटाचा वेंकटैया तिवरल्लुर सहित अनेक लोगों की साहित्य की भाव भूमि एक नही होती। जिस प्रकार राष्ट्र भौगोलिक ईकाई से कुछ अधिक है, ठीक उसी प्रकार भाषा अभिव्यक्ति के माध्यम से भी कुछ अधिक है। इसमें पूरे राष्ट्र का जीवन उसकी संस्कृति और सभ्यता संपादित होती है। सीखी हुई दूसरी भाषा की धारणा शक्ति चाहे जितनी समृद्ध हो, वह उतनी नहीं होती कि वह किसी राष्ट्र के जीवन के सभी अंतसंबंधों को अपने संपूर्ण वैशिष्ट्य के साथ व्यक्त कर सके। अतः राष्ट्र अपने चरित्रगत वैशिष्ट्य को जिस भाषा के माध्यम से अधिक स्पष्ट रूप से उद्घाटित करता है और अधिक से अधिक जन समाज तक पहुंचाता है दर-असल वही राष्ट्रभाषा होती हैं। इस कसौटी पर हिंदी हमारे देश के लिये एकदम खरी उतरती है। अतः निर्विवाद तौर पर हिंदी भाषा देश की राष्ट्रभाषा है। वह इसलिये क्योंकि यह भारत की सामयिक संस्कृति की वाहक है। हर क्षेत्र, प्रांत, तथा हर वर्ग के लोगों ने इसे सजाया संवारा है. हर भाषा के शब्दों को आत्मसात करने की क्षमता ने इसे व्यापक धरातल प्रदान किया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब राजभाषा का प्रश्न सामने आया तो देश के बहुत बड़े भूभाग में बोली जाने वाली और लगभग पूरे देश में समझी जाने वाली देशवासियों के बीच आदान प्रदान की सहज सुलभ भाषा हिंदी को स्वभावतरू प्रधान राजभाषा का दर्जा दिया गया, और प्रतिष्ठित किया गया. और तब भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के द्वारा यह परिभाषित किया गया कि भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। भारत के संविधान में भाषा संबंधी जो उपबंध उसके अनुसार प्रारंभ में हिंदी के साथ पंद्रह वर्षों तक अंग्रेजी का प्रयोग चलना था, और उसके बाद 1965 से राजकाज की भाषा हिंदी हो जानी थी किंतु 1965 आते-आते इसका ऐसा संशोधन कर दिया गया कि 15 वर्षों के लिए की गई अस्थाई व्यवस्था का स्थाई इंतजाम हो गया। यह सही है कि संविधान में राजभाषा की व्यवस्था किये जाने पर शुरू शुरू में हिंदी को समृद्ध करने की दिशा में बहुत कुछ किया गया। हिंदी को प्रतिष्ठ करने तथा उसे हर विषय के भाव और भंगिमा को अभिव्यक्त करने की दृष्टि से समृद्ध भाषा बनाने के प्रयास हुए। इस दिशा में सरकार भी आगे बढ़ी और अनेक संस्थाएं भी आगे आई। ये समय राष्ट्रीयता का उत्कर्ष काल था अतः राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भाषा, संस्कृत, साहित्य सभी की एक चेतना से उद्दीप्त करने के प्रयास हुए, किंतु धीरे-धीरे इस पर प्रादेशिकता, सरकारी सेवाओं में वर्चस्व राजनीतिक छल और वोटों के जुगाड़ के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौतों की पर्त चढ़ती चली गई। वक्त बीतते बीतते सब कुछ बदल गया। सभी करके किये कराए पर पानी फिर गया। हम जहां खड़े थे वही के वंही खड़े रह गए। प्रशासन की शब्दावली हमारे पास है किंतु प्रशासक, हमारे कर्मचारी तंत्र उसका इस्तेमाल नही सके। एक बाहरी भाषा (अंग्रेजी) का उपयोग कर अपनी शान में बढ़ोत्तरी समझते हैं। विधि की शब्दावली हमारे पास है। कानून हिंदी में है किंतु न्यायाधीश हिंदी में फैसले नही लिखते। वैज्ञानिक शब्दावली, व्यवसाय की शब्दावली के पोथे के पोथे हमने रच डाले हैं, किंतु उनका प्रयोग करने वाला कोई नही है। यह तो वही हुआ ना हम बिना नदी में कूदे तैरना जान जांये। देखा जाए तो भाषा को लेकर सबसे बडा छल कानूनों के मामले में किया जाता है। अनेक हिंदी भाषी राज्यों में कानूनों की भाषा हिंदी है और उसका अंग्रेजी अनुवाद राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है, लेकिन क्या ऐसा होता है? जी नहीं, आज भी स्थिति वही है। किसी न किसी पुराने कानूनों को आधार बनाकर कानून का प्रारूपण अंग्रेजी में होता है, फिर उसका हिंदी अनुवाद किया जाता है और फिर ठप्पा मूल अधिनियम का लगा दिया जाता है। मूल अंग्रेजी का जो कानून लिपिबद्ध रहता है वह अंग्रेजी प्राधिकृत अनुवाद हो जाता है। कानूनों के अनुवाद की बैशाखी ढोते ढोते 76 वर्ष गुजर गए लेकिन हिंदी प्रारूपण के क्षेत्र में यहां कुछ भी नहीं हुआ और न निकट भविष्य में कुछ होता दिखाई देता है। प्रायः कहा जाता है कि कानून की भाषा सहज नहीं है किंतु अनुवाद के सहारे भाषा सहज बने कैसे? फिर न्यायालयों में व्याख्या भी। अंग्रेजी पाठ के माध्यम से ही होती है अतः उस अनुवाद की भाषा का विश्लेषण तथा व्याख्या नहीं होने से भाषा में निखार और सुनिश्चितता कैसे आवेगी? बस यथास्थिति बनी हुई है। जैसा चला आ रहा है वैसा ही चल रहा है। चलता ही रहेगा। उधर अंग्रेजी को देखिए कानून के एक-एक शब्द की व्याख्या पर पोथियां मौजूद हैं, हिंदी बिचारी के भाग्य में अभी यह सब कहां। शिक्षा के मामले में दशा और भी बद्तर है। उच्च शिक्षा सभी जगह अंग्रेजी में हैं यद्यपि अंग्रेजों के समय प्रशासन की भाषा अंग्रेजी चलाई गई थी फिर आवश्यकता को देखते हुए हाई स्कूल तक शिक्षा का माध्यम हिंदी ही रही। होना तो यह चाहिए था कि हिंदी ऊपर उठकर महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तक जाती। लेकिन हुआ इसका बिल्कुल उल्टा। पब्लिक स्कूलों के प्रति सम्मोहन ने कुछ ऐसा माहौल पैदा कर दिया कि अब मध्यम वर्ग का आदमी अपने बच्चों को उन स्कूलों में भर्ती के लिए पंक्तिबद्ध खड़ा है। यह पीढ़ी जब पढ़कर बाहर आएगी तब तक राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति अनुराग का उसका रस सूख चुका होगा। इस प्रकार अब तक हिंदी राष्ट्रभाषा होकर भी वस्तुतः राजभाषा नहीं बन पाई। संविधान में लिखित व्यवस्था होने पर भी उसमें (अंग्रेजी) कुछ ऐसे पंख लग गये हैं कि उनके होते हुए अंग्रेजी कभी दबे पांव और कभी खुलेआम धड़ल्ले से शिक्षा, प्रशासन, न्याय व्यवस्था, विज्ञान प्रौद्योगिकी, वाणिज्य व्यवसाय, राजनीति, चिकित्सालय सभी क्षेत्रों में प्रचार करती चली गई और भारतीय अस्मिता की पहचान हमारी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा हिंदी अधिकारच्युत हो गई। हैरानी की बात यह है कि हमारी हिंदी सेवी साहित्यिक संस्थाओं एवं राजनेताओ की इस बात का एहसास है। इसलिये जब हिंदी दिवस जैसे कोई अवसर आते हैं तो हमारी हिंदी सेवी साहित्यिक संस्थाएं सोते से जागतीं हैं। जोर जोर से हिंदी में सभी कामकाज करने की शपथ लेती हैं. हिंदी का प्रशासन न्याय, शिक्षा सभी क्षेत्र मे प्रतिष्ठापित करने की प्रतिज्ञा को दोहराया जाता है। आपने देखा होगा, प्रायः रेलवे स्टेशन में अधिकांश सभी बैंको में बड़े-बड़े पोस्टरों में यह लिखा रहता है कि यदि आप हिंदी में ही लिखा पढ़ी करे तो हमें खुशी होगी। यदि आप हिंदी में बात करें तो हमारा सम्मान होगा। पर स्वयं वहीं के कर्मचारी अधिकारी आपसे अंग्रेजी में लिखा पढ़ी और बात करते हैं। बेशर्मी की भी हद होती है उनकी यह बातें प्रतिज्ञा, शपथ अथवा किसी भी निश्चय के पीछे ह्यसंकल्प का बलह्न और सुनियोजित योजना कौशल नहीं होने के कारण टांय टांय फिस हो जाता है। वह सब कसरत धरी रह जाती है और रह जाता है मात्र क्षणिक भावावेश का इजहार कोरी रश्म अदायगी और उत्सव धर्मिता बस। हम कहते नहीं थकते की राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है लेकिन इस गूंगे पन से मुक्ति के लिए हमने क्या किया यही ना किसी एक अदद विदेशी भाषा को हमने उधार ले लिया। तब यह समझाया गया था कि यह एक थोड़े समय का सौदा है, लेकिन अब यह ऐसा लगता है कि एक पक्की व्यवस्था में तब्दील हो गया है। जिस प्रकार हमे उधार की हर चीज से प्यार है उसी प्रकार यह उधार ली हुई भाषा भी हमारे गले का फंदा बन गई है और भाषा से लेकर भूषा (पहनावा) तक हम उधारजीवी राष्ट्र बन गये हैं। अब स्थिति यह है कि न तो हमसे विदेशी कर्ज उतारे उतर रहा है और न ये विदेशी भाषा। ऐसे में प्रश्न उठता है कि हमारी राष्ट्र भाषा या राजभाषा आखिर है कौन सी ? अगर हम कहें कि आज भारत की राजभाषा और राष्ट्रभाषा भी अंग्रेजी है तो हैरत कि उसके लिए हमे प्रमाण ढूंढने के लिए कहीं नहीं जाना पड़ता बस अपने घर देखने और घर पर चलने वाली टीवी पर एक नजर डालने भर की जरूरत है। क्या आप सीने पर हाथ रखकर कह सकते हैं कि आपके बच्चे अथवा उनके बच्चे अँग्रेजी स्कूल में नहीं जाते ? इस अंग्रेजी माध्यम से तैयार होने वाली पीढ़ी की भाषा क्या होगी? टीवी पर एक नजर डाले समाचार आ रहा है हमारे प्रधानमंत्री अथवा वरिष्ठ राजनयिक विदेशी राजनयिक से मिलते दिखाये जा रहे हैं विदेशी राजनयिक अपनी भाषा बोल रहा है, अपनी भाषा मतलब जिसे वह अपने घर नगर में बोलता है। लेकिन हमारे नेता...? बस यही अंग्रेजी और ऐसा भी नहीं कि वह विदेशी अंग्रेजी समझता ही हो उसे भी दो पैसे के माध्यम से समझाना होता है तो क्या हिंदी किसी अन्य भाषा मे अनूदित किए जाने योग्य भी नहीं है अथवा अंग्रेजी हमारी अस्मिता की परिचायक बन गई है या हम अपने लज्जा के प्रदर्शन को ही अपनी अस्मिता मान बैठे हैं।

खैर !दूसरा दृश्य देखें ,भारत की सर्वोच्च संस्था संसद का अधिवेशन दिखाया जा रहा है। इसमें प्रश्नोत्तर की भाषा को देखें शत प्रतिशत नही तो नब्बे प्रतिशत तो अंग्रेजी ही बोलचाल की भाषा होगी। ध्यान रहे यह संसद ही केवल समझता है। दूरदर्शन पर जितनी भी राष्ट्रीय कहे जाने वाले कार्यक्रम आते हैं। इनमें से अधिकतर अंग्रेज मे ही होते है, जरूर कुछ अपवाद भी हैं। उद्घोषक और निवेदक अंग्रेजी मे ही सूचनाएं देते हैं। जन स्वास्थ्य की, ग्रामोद्धार की, जनसंख्या विस्फोट की, पर्यावरण सुधार की या कृषि विज्ञान प्रौद्योगिकी और चिकित्सा क्षेत्र को माना वह अंग्रेजी क्षेत्र के लोगों के लिए ही है, मगर आज देश में अंग्रेजी अखबार पढ़ने वाले मात्र छह प्रतिशत व्यक्ति हैं। जबकि तथाकथित राष्ट्रभाषा हिंदी के समाचार पत्रों को पढ़ने वालों की संख्या इससे कहीं बहुत अधिक है।



**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# भारत की पहचान है हिंदी

**दैनिक समाज जागरण**

**हिंदी हम सबकी शान है**
**ये हमारे देश का मान है,**
**प्रेम सुधा का पान कराती**
**भारत का गौरव गान है।**

हिंदी भारत देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा मिला था।तब से ही हम हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।

हिंदी विश्व की चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।महात्मा गांधी ने 1918 में इसे जनसामान्य की भाषा कहा था। परन्तु आज के समय में जब चारों ओर प्रतिस्पर्धा है , भौतिक सम्पन्नता पाने की होड़ मची हुई है, ऐसे मे हिंदी का महत्व कुछ कमतर नजर आ रहा है।

हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना जाता है। वस्तुतः संस्कृत को भारत की आर्यभाषा या देवभाषा भी कहा जाता है। हिंदी का जन्म भी संस्कृत की कोख से ही हुआ है।

हिंदी हमारे सर का ताज है।हिंदी से ही हमारी पहचान है,हिंदी हिन्द की आन, बान और शान है। बावजूद इसके आज के आधुनिक युग में लोग एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं,जहां देखिये कभी न खत्म होने वाली प्रतिस्पर्धा है। यह स्थिति कहीं ना कहीं हिंदी की बुनियाद को कमजोर कर रही है। अंग्रेजी को रोजगार की भाषा माना जाता है।यही कारण है कि आजकल हमारे यहां हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी को प्राथमिकता दी जाती है। हिंदी बोलने वाले को तुच्छ तथा अंग्रेजी बोलने वाले को महान समझा जाता है। शिक्षण संस्थानों , अस्पताल में, या किसी भी दफ्तर में चले जाइए आपको सिर्फ अंग्रेजी या अंग्रेजी मिली खिचड़ी भाषा ही नजर आयेगी।

असल बात यह है कि दिखावे की जिंदगी जीने के चक्कर में हम अपनी भाषा हिंदी की मधुरता को भूल जाते हैं। भूल जाते हैं की हिंदी में वह रस है जिसे बड़े - बड़े रचनाकारों ने , शायरों ने ,लेखकों ने अपनी रचनाओं में समाहित किया है जिससे वो जीवंत हो उठी है,और हम अभी भी उसका रसपान कर झूम उठते हैं। "जिस प्रकार बिंदी के बिना औरत का श्रृंगार अधूरा है,उसी प्रकार हिंदी के बिना हमारा साहित्य अधूरा है"।

सिर्फ साल में एक दिन हिंदी की बात करने से क्या हम अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो जायेंगे? शायद नहीं!

हमें अपने व्यवहार में हिंदी को शामिल करना होगा।

"साहित्य समाज का दर्पण है" इस तथ्य को याद रखना होगा। हमारे देश में,हमारे समाज में अभी भी कुछ साहित्यकार हैं,जो इस काम को अंजाम दे रहे हैं और हिंदी को वैश्विक स्तर में पहचान दिलवा रहे हैं।

अंग्रेजो से हम आजाद हो गए पर अंग्रेजी से नही।

मेरा आशय यह नहीं है कि अंग्रेजी बुरी है। हमें अधिक से अधिक भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए,भाषाओं की जानकारी को बुरी बात नहीं, किन्तु यह हिन्दी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। हमें हिंदी में पारंगत होना भी जरूरी है। हिंदी से ही हमारी पहचान है।

आइए आज इस हिंदी दिवस के अवसर पर हम यह शपथ लें कि अपने कार्य व्यवहार में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का प्रयोग करेंगे और सबको इसकी मधुरता से अवगत कराएंगे।



**बिन्दु अग्रवाल,**

# हे भारत के कर्णधार

हे भारत वर्ष के कर्णधार नेताओं,
सैनिकों की भी कुछ बात सुनो,
सीमा पर तैनात सिपाही तो,
दे देता है जान की कुबार्नी।

सीमाओं की रक्षा में उसकी,
खप जाती है भरी जवानी,
सीमा पर शहीद वह होता है,
मिट जाती है सभी निशानी।

कोई कहता है मुझको भी,
तो सेना में भर्ती होना था,
कोई कहता है सैनिक होता,
तो मुझे अत्यंत गर्व होता।

कोई तो यह कह देता है,
सैनिक का सम्मान करो,
पर जब सैनिक कुछ माँग करे,
तो कह दो त्याग करो, त्याग करो।

माना कि हम सब सैनिक,
सीमा पर मरने की खातिर ही होते हैं,
माता पिता, पत्नी, बच्चे सैनिक के
उसके पीछे परंतु जीवित रहते हैं।

पर राजनीति चटकाई जाती है,
आज सैनिक की शहादत के पीछे,
गोली खाकर मरता है वह सीमा पर,
वोटों की राजनीति होती उसके पीछे।

सैनिक की माँग उसके खातिर नही होती,
वह सीमा की बलि बेदी पर जलता है,
उसकी जो पारिवारिक ज़िम्मेदारी है,
वह सरकार समाज की ज़िम्मेदारी है।

एक रैंक एक पेंशन देने की नैतिकता,
पर भारत सरकार ने नहीं निभाई है,
ईसीएचएस के कार्ड रेनूअल की तो
एमओडी में भी कितनी मारा मारी है।

योजना का नाम शुरू से ही भूतपूर्व
सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना है,
पूरा भुगतान ले लिया हमसे पहले ही
पर अब सुविधा देने में आनाकानी है।

हम एपीएस के भूतपूर्व सैनिक हैं,
पर हमें कह दिया गया असैनिक हैं,
हमको पेंशन पीसीडीए से नहीं बल्कि,
डाक विभाग के बजट से मिलती है।

भारतीय डाक विभाग का बजट,
क्या भारत का बजट नहीं होता है,
यह कहना कि पेंशन यहाँ से नहीं
वहाँ से मिलती है,कहाँ तक सही है।


अरबों खरबों बट्टे खाते में डाले जाते हैं
पर सैनिकों को देने में हिचकिचाते हैं,
आदित्य हम वही माँगते हैं, जो जायज है
हे भारत के कर्णधार बस यह ही विनती है

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य**
**लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# हापुड में हुए घटनाक्रम एवं उसके बाद होने वाले घटनाक्रमों को दृश्टिगत रखकर उपरोक्त घटनाक्रम के सम्बन्ध में बैठक कर निर्णय से राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 को अवगत कराये

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 द्वारा प्रेशित पत्र दिनांक- 11/09/2023 जिसमें समस्त बार असोसिएशन उ0 प्र0 से अपने-अपने बार एसोसिएषन की कार्यकारिणी अथवा आम सभा की बैठक बुलाकर जनपद हापुड में दिनांक- 29/08/2023 को हुए घटनाक्रम एवं उसके बाद होने वाले घटनाक्रमों को दृश्टिगत रखकर उपरोक्त घटनाक्रम के सम्बन्ध में बैठक कर अपने निर्णय से राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 को अवगत कराये इस सम्बन्ध में आज दिनांक- 12/09/2023 को लखनऊ बार एसोसिएषन में एक आपात आम सभा सुरेश पाण्डेय एडवोकेट अध्यक्ष, लखनऊ बार एसोसिएषन की अध्यक्षता एवं कुलदीप नारायण मिश्र एडवोकेट, महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएषन के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें सभी सम्मानित अधिवक्तागणों ने अपने विचार राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 द्वारा माँगी गयी माँगों के समर्थन में व्यक्त किया एवं आम सभा में एक मत से निर्णय लिया गया कि जब तक प्रदेश सरकार द्वारा राज्य विधिज्ञ परिशद उ0 प्र0 की माँगे नही मानी जाती है तब तक अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्णरूप से विरत रहने के पक्ष में है चूँकि राज्य सरकार बात नही सुन रही है इसलिए बार कॉउसिल ऑफ उ0 प्र0 के नेतृत्व मे पूरे प्रदेष के सम्मानित अधिवक्तागण हापुड़ में भी प्रदर्षन करेंगे तथा दिल्ली चलकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार के सामने अपनी बात रखेंगे।

यह भी निर्णय लिया गया कि कल दिनांक- 13/09/2023 को लखनऊ बार एसोसिएषन, लखनऊ के समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहेंगे तथा बार कॉउसिल ऑफ उ0 प्र0 के निर्णय के उपरान्त कल दिनांक- 13/09/2023 को समय 02:00 बजे लखनऊ बार एसोसिएषन में आम सभा आहूत करके अग्रिम रणनीति तय की जायेगी।

# नगर आयुक्त द्वारा जोन पांच के जलभराव वाले क्षेत्र का दौरा किया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । जोनवार निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा जोन 5 के जलभराव वाले क्षेत्र का दौरा किया गया जहां गीतापल्ली वार्ड में इको गार्डन के निकट मेन रोड पर मौके पर जलभराव पाया गया जिस पर नगर आयुक्त सर ने सभी संबंधित अफसरों/कर्मचारियों को मौके पर बुला कर तत्काल पानी के बहाव को खुलवाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता को दिए तथा जल भराव वाले स्थान पर काम कर रहे कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाया।

इसी क्रम में जोन 5 स्थित कार्यालय में माननीय पार्षदगणों के साथ नगर आयुक्त जी ने एक बैठक भी की जिसमे जलभराव के उपरांत होने वाली संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अपील की व जलभराव वाले इलाकों में एंटीलार्वा के छिड़काव के निर्देश जोनल स्वास्थ अधिकारी को दिए।

अपने व्यापार का करे प्रचार
विज्ञापन के लिए संपर्क करे।
8126553593

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में आयोजित हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुश्ती, बास्केटबॉल एवं कबड्डी बालिका/बालक वर्ग में टीमो का किया गया चयन।

समाज जागरण




बास्केटबॉल बालक वर्ग टीम की चयन के लिए जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल एवं कुश्ती व कबड्डी बालिका वर्ग का मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में हुआ ट्रायल।

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के उद्देश्य से जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के द्वारा आज कुश्ती, कबड्डी महिला वर्ग एवं बास्केटबॉल पुरुष खेल के लिए टीमो का चयन किया गया। उप क्रीडा अधिकारी अनीता नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता में महिला टीम का चयन मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया तथा बास्केटबॉल पुरुष का जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल तथा 9 सितंबर को सावित्रीबाई फुले स्कूल ग्रेटर नोएडा में हुआ। उन्होंने बताया कि आज जो महिला टीमों का चयन किया गया है, वह आगामी 14 सितम्बर तथा कबड्डी में 19 सितंबर को कैलाश प्रकाश स्टेडियम मेरठ में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी और वहां से राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना की पुलिस ने वापस कराया डेढ़ लाख रुपये

समाज जागरण



अयोध्या। नगर कोतवाली के रामनगर कालोनी निवासी एक युवती ने अपने कालेज दोस्त के बहकावे में आकर मारिया स्मिथ के इंस्टाग्राम खाते में कुल 5 लाख 30 हजार रुपए जमा कर दिया। रकम वापस न मिली और ठगे जाने की जानकारी हुई तो उसने साइबर थाने पर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई।

विवेचना में जुटी साइबर थाना पुलिस ने पीड़िता के खाते में और डेढ़ लाख रुपए वापस कराया है।पूर्व में भी इतनी ही रकम वापस कराई थी। पीड़िता सोनम जायसवाल का कहना है की उसने सहेली के कहने पर इंस्टाग्राम पे पर 60 हजार रुपए जमा कराये थे। बाद में मारिया स्मिथ के इंस्टाग्राम एकाउंट से उसे रकम वापसी के लिए और रकम के निवेश का झांसा दिया गया और किश्तों में कुल 5 लाख 30 हजार रुपए जमा कराये गए। रकम वापसी के लिए दबाव बनाने पर आनाकानी हुई तो सहेली को फोन किया।

सहेली ने इंस्टाग्रम एकाउंट हैक होने की बात कह पल्ला झाड़ लिया। फिर 18 मई को एसएसपी से शिकायत कर साइबर क्राइम थाने में 6 जून को धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार को साइबर थाना प्रभारी आलोक वर्मा का कहना है कि विवेचना के दौरान पहले पीड़िता के खाते में डेढ़ लाख रुपए वापस कराये गए थे, अब और रकम वापस कराई गई है। ठगी गई कुल रकम में से 3 लाख 5 हजार 870 रुपए वापस कराये गये हैं।

# रामलला की सुरक्षा में मुख्यमंत्री के द्वारा गठित एसएसएफ बटालियन पहुंची अयोध्या

अयोध्या। राम लला की सुरक्षा में मुख्यमंत्री के द्वारा गठित दस्ता एसएसएफ की बटालियन अयोध्या पहुंची। क्षेत्राधिकारी अयोध्या ने पुष्प गुच्छ देकर जवानों का स्वागत किया। 280 एसएसएफ के जवान का ग्रुप पहले चरण में रामलला की सुरक्षा में तैनात होगा। भगवान राम की सुरक्षा के लगाये जाने से पहले एसएसएफ के जवानों की एक हफ्ते की स्पेशल ट्रेनिंग होगी। पीएसी और उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्वश्रेष्ठ सिपाहियों को मिलाकर यह स्पेशल दस्ता बनाया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर रामलला अयोध्या तथा काशी और मथुरा के मंदिरों के साथ प्रदेश के हवाई अड्डे की सुरक्षा में एसएसएफ तैनात होगी । मुख्यमंत्री के द्वारा गठित की गई स्पेशल फोर्स पहली बार रामलला की सुरक्षा में तैनाती होगी। रामलला के परिसर के बाद प्रदेश के अन्य स्थलों पर एसएसएफ को तैनात किया जाएगा।



# 25 गायों की डेयरी की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी योगी सरकार

## गायों की खरीद से लेकर उसके संरक्षण और भरण-पोषण के लिए अनुदान देगी योगी सरकार

*– प्रदेश में गौवंशीय नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए योगी सरकार ने 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' की लॉन्च*



लखनऊ, 12 सितंबरः योगी सरकार ने प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नन्द बाबा मिशन के तहत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शासनादेश जारी कर दिया है। इससे जहां प्रदेश में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के गौवंश में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। योजना के पहले चरण में योगी सरकार लाभार्थी को 25 दुधारू गायों की 35 इकाइयां स्थापित करने के लिए गायों की खरीद से लेकर उनके संरक्षण एवं भरण पोषण जैसे मदों में सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी तीन चरणों में दी जाएगी। वहीं, शुरूआती चरण में यह योजना प्रदेश के दस मंडल मुख्यालयों के शहरों क्रमशः अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा और बरेली में संचालित की जाएगी।

**तीन चरणों में दिया जाएगा योजना का लाभ**

दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है जबकि प्रदेश में प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता कम है। इसकी मुख्य वजह प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त दुधारू पशुओं की कमी होना है। इसी कमी को पूरा करने एवं उन्नत नस्ल के अधिक से अधिक दुधारू गौवंश की इकाइयों की स्थापना के लिए नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत दुधारू गायों में साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की गायों को ही शामिल किया गया है। योगी सरकार ने योजना के तहत 25 दुधारू गायों की एक इकाई स्थापित करने में 62, 50,000 रुपये के खर्च का आंकलन किया है। ऐसे में, योगी सरकार लाभार्थी को कुल व्यय पर 50 प्रतिशत अनुदान यानी अधिकतम 31,25,000 रुपये देगी। योगी सरकार इस योजना का लाभ तीन चरणों में देगी। पहले चरण में इकाई के निर्माण पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 25 दुधारू गायों की खरीद, उनके 3 वर्ष के बीमा और यातायात पर परियोजना लागत का 12.5 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जबकि तीसरे चरण में परियोजना लागत की शेष 12.5 प्रतिशत राशि का अनुदान दिया जाएगा।

**अधिक आवेदन आने पर ई-लॉटरी से लाभार्थी का किया जाएगा चयन**

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास कम से कम 3 वर्षों का गौपालन का अनुभव होना चाहिये। वहीं, गौवंशों की ईयर टैंगिंग होना अनिवार्य है। इसके साथ ही इकाई की स्थापना के लिए 0.5 एकड़ भूमि होना आवश्यक है। साथ ही, लाभार्थी के पास लगभग 1.5 एकड़ भूमि हरित चारा के लिए होना चाहिये। यह जमीन उसकी खुद की (पैतृक) हो सकती है या फिर उसने उसे 7 वर्षों के लिए लीज पर लिया हो। इस योजना का लाभ पूर्व में संचालित कामधेनु, मिनी कामधेनु एवं माइक्रो कामधेनु योजना के लाभार्थी नहीं उठा सकेंगे। लाभार्थी का चयन ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, आवेदन की संख्या अधिक होने पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा ई-लॉटरी के जरिये चयन किया जाएगा।

# यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के जरिए संचारी रोगों पर लगाम लगा रही योगी सरकार

**-सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से सभी जिलों के निजी, सरकारी चिकित्सालयों व प्रयोगशालाओं के आंकड़ों की लगातार हो रही मॉनिटरिंग**

**-इस माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में संचारी रोगों की स्थिति को जानकर उस पर लगाम लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में मिली मदद**

**-प्रदेश में मच्छर जनित रोगों में मृत्युदर को न्यूनतम रखने में मिली सफलता, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व एन्सिफेलाइटिस की रोकथाम के लिए भी एक्शन मोड में है सरकार**

लखनऊ, 12 सितंबर। उत्तर प्रदेश में संचारी रोगों की रोकथाम और आम जनता तक उच्चतम स्वास्थ्य निदान पहुंचाने के लिए संकल्पित योगी सरकार ने यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से बड़ी सफलता प्राप्त की है। प्रदेश में मच्छर जनित संचारी रोगों के नियंत्रण और विशेषकर मृत्युदर को न्यूनतम रखने के लिहाज से यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल एक बेहद सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर रही है। 15 मई 2023 को प्रदेश में लागू हुई यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल व्यवस्था में मूलतः सभी जिलों के निजी, सरकारी चिकित्सालयों व प्रयोगशालाओं के आंकड़ों का संकलन व रेगुलर अपडेशन होता है। इससे किसी भी रोग के विषय में संबंधित जिले की स्थिति और प्रसार का सही आंकलन हो पाना सक्षम हुआ। यही कारण है कि प्रदेश में मच्छर जनित संचारी रोगों में पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है। इतना ही नहीं, काला जार के अतिरिक्त अब तक सभी मच्छर जनित बीमारियों में मृत्युदर को भी न्यूनतम रखने में प्रदेश सरकार को सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, वर्तमान में एक्यूट एन्सिफेलाइटिस सिन्ड्रोम (एईएस), जापानी एन्सिफेलाइटिस (जेई), काला जार, डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया को नियंत्रित करने के लिए भी प्रदेश सरकार यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से लगातार इन बीमारियों के प्रदेश में प्रसार पर नजर रखे हुए है और आउटब्रेक रीजंस में त्वरित कार्रवाई के जरिए रोकथाम सुनिश्चित कर रही है।

## 9 महीने के आंकलन में बेहतर रहे परिणाम

प्रदेश में 1 जनवरी से 7 सितंबर 2022 की समयावधि की अगर 1 जनवरी से 7 सितंबर 2023 के साथ तुलना करें तो पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अब तक योगी सरकार मच्छर जनित संचारी रोगों को मृत्युदर को काफी हद तक रोकने में सफल रही है। काला जार के अतिरिक्त सभी मच्छर जनित संचारी रोगों में मृत्युदर न के बराबर रही है। सीएम योगी के समक्ष प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य एक्यूट एन्सिफेलाइटिस सिन्ड्रोम के कुल 478 मामले सामने आए जिनमें 2 की मृत्यु हो गई वहीं मृत्यु दर 0.42 प्रतिशत रही। वहीं, वर्ष 2022 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य इस बीमारी के कुल 496 केस सामने आए थे जिनमें से 12 की मृत्यु हो गई व मृत्यु दर 2.42 प्रतिशत रही। इसी प्रकार जापानी एन्सिफेलाइटिस के मामले वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य कुल 30 रहे जिसमें एक भी मृत्यु नहीं हुई और मृत्यु दर भी शून्य रही। वहीं, वर्ष 2022 में इसी समयावधि के दौरान जापानी एन्सिफेलाइटिस के कुल 38 मामले सामने आए जिसमें एक मृत्यु के साथ मृत्युदर 2.63 प्रतिशत रही। इसी प्रकार काला जार के वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य 8 मामले सामने आए जिनमें 1 मृत्यु के साथ मृत्युदर 12.50 रही। वहीं, पिछले वर्ष इसी समयावधि के दौरान काला जार के 16 मामले सामने आए थे जिसमें एक भी मृत्यु नहीं हुई और मृत्यु दर शून्य रही।

## डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के मामलों में मृत्यु दर रही कम

प्रदेश में वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया आउटब्रेक्स को भी कंट्रोल करने में अब तक काफी सफलता मिली है। वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य डेंगू के 3498 केस सामने आए हैं जिसमें 5 लोगों की मृत्यु हुई व मृत्यु दर 0.14 प्रतिशत रही। वहीं, पिछले वर्ष की इस समयावधि में 936 मामले सामने आए थे जिसमें 3 लोगों की मृत्यु हो गई थी और मृत्यु दर 0.32 प्रतिशत रही। इसी प्रकार एक जनवरी से एक सितंबर के मध्य इस वर्ष अब 169 मामले सामने आए हैं। वहीं, इसी समयावधि के दौरान पिछले वर्ष कुल 32 मामले सामने आए थे। दोनों ही वर्षों में कोई मृत्यु नहीं हुई इसलिए मृत्यु दर शून्य रही। वहीं, वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 7 सितंबर के मध्य मलेरिया के 4598 मामले सामने आए हैं। जबकि इसी समयावधि के दौरान पिछले वर्ष 2149 मामले सामने आए थे। दोनों ही वर्षों में कोई मृत्यु नहीं हुई इसलिए मृत्यु दर शून्य रही। फिलहाल, डेंगू और मलेरिया के केसेस में इजाफा इसलिए भी दिख रहा है क्योंकि हर एक आंकड़े यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल पर अपलोड हो रहे हैं।

## पोर्टल से मॉनिटरिंग, आउटब्रेक के खिलाफ अलर्ट मोड

प्रदेश में मच्छर जनित संचारी रोगों के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए पोर्टल के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। 7 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर में 403, गाजियाबाद में 319, कानपुर नगर में 225, मेरठ में 175, लखनऊ में 151 व मुरादाबाद में 137 मामले सामने आए हैं। वहीं, संभल और बुलंदशहर में डेंगू रोग का आउटब्रेक सूचित हुआ है जिससे इस रीजन समेत पूरे प्रदेश में विशेष ऐहतियात जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 15 मई को यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल को प्रदेश में लागू किया गया है और तब से प्रदेश सरकार ने 21 जुलाई तक 30742 चिकित्सालयों व प्रयोगशालाओं, 1890 निजी चिकित्सालयों व प्रयोगशालाओं व कुल 1.8 लाख प्रयोगशाला जांचों का आंकलन करके संचारी रोगों की रोकथाम सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश सरकार संचारी रोगों को तीन चरण (पहला चरणःअप्रैल, दूसरा चरणः जुलाई व तीसरा चरणः अक्टूबर में प्रस्तावित) के तहत 75 जिलों में डेंगू जांच की सुविधा सुनिश्चित कर चुकी है। इलाज के लिए औषधियां, आईवी फ्लूड्स, ओआरएस व अस्पतालों में समुचित बेड उपलब्धता को सुनिश्चित करने, राज्य स्तर पर 5 बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों से संवाद करने के अतिरिक्त फ्रंट लाइन वर्कर्स के प्रशिक्षण देने, 320 मलेरिया निरीक्षकों की प्रशिक्षण प्रक्रिया और 134 चिकित्सा अधिकारियों को डेंगू रोग के नवीनतम प्रोटोकॉल के विषय में प्रशिक्षित करके प्रदेश सरकार संचारी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित कर रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कमिश्नर ने की बैठक,पार्किंग व सुरक्षा आदि व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

समाज जागरण



अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में पुलिस विभाग द्वारा चयनित अयोध्या के विभिन्न 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में समीक्षा की गयी। उन्होंने चयनित स्थलों का पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर भूमि की प्रकृति व उसकी नवैय्यत आदि की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये ।इसके अतिरिक्त अयोध्या के यातायात योजना आदि की भी चर्चा की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल पटेल, एसपी यातायात आर एस गौतम, सीओ ट्रैफिक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की बैटरी के साथ तीन लोग गिरफ़्तार

अयोध्या। जनपद की महराजगंज थाना पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से ट्रैक्टर की एक बैटरी बरामद की है। थानाध्यक्ष महराजगंज अनुपम मिश्रा ने सोमवार को बताया कि ट्रैक्टर की बैटरी को चोरी की शिकायत अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। विवेचना में जुटी उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव की टीम ने बेलसण्डी नहर पुलिया के पास से फुलचन्द्र निवासी बेलसण्डी एवं आशु व सालिकराम निवासीगण बाकरगंज थाना महराजगंज को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने बैटरी बरामद की है और तीनों का चालान किया है।

आवश्यकता है

देश में तेजी से फैलते हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार को भोजपुर (आरा),बक्सर व कैमूर जिले में ब्यूरो प्रमुख, विज्ञापन प्रतिनिधि, प्रखंड रिपोर्टर व क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

वहीं रोहतास जिले के प्रखंड बिक्रमगंज, नासरीगंज, राजपुर, अंकोढी. गोला, डेहरी, नौहट्टा, शिवसागर, सासाराम व सुर्यपुरा में समाचार संकलन हेतु उक्त प्रखंडों में प्रतिनिधियों की भी जरूरत है। कृपया आप इस सम्पर्क सूत्र -: 9006265092, 6200504654 व 9801253445 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## नीतीश कुमार को लेकर फिर दोराहे पर खड़ी बिहार की राजनीति, गृह मंत्री अमित शाह के दौरे पर टिकी निगाहें

पटना. G20 की बैठक के दौरान राष्ट्रपति के डिनर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जिस गर्मजोशी से नीतीश कुमार की मुलाकात हुई और जैसी तस्वीरें सामने आईं, उसने बिहार कि सियासत में हलचल बेहद तेज कर दी है. इस तस्वीर के सियासी अर्थ खोजे जा रहे हैं. अटकलों का बाजार गर्म है और कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या बीजेपी और नीतीश कुमार फिर से एक साथ आ सकते हैं. लेकिन, इन अटकलों पर न तो जदयू और न ही भाजपा की ओर से कोई भी साफ-साफ बोलने की स्थिति में है. हालांकि, भाजपा सांसद सुशील मोदी ने एक हद तक इन कयासबाजियों को खारिज करने की कोशिश की है, लेकिन इन तमाम अटकलों को लेकर अब सबकी निगाहें अमित शाह के बिहार दौरे पर टिक गई हैं.

# भाकियू ने 18 घंटे विद्युत आपूर्ति देने एवं गन्ने के सट्टे को लेकर विचार विमर्श किया



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में मंगलवार को थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम वीरभान वाला स्थित गुरुद्वारे में किसनों ने पंचायत का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती को लेकर तथा 18 घंटे विद्युत आपूर्ति देने एवं गन्ने के सट्टे को लेकर विचार विमर्श किया गया किसानों ने एक मुश्त होकर सभी मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराने पर विचार विमर्श किया गया बैठक की अध्यक्षता सरदार करनैल सिंह वह संचालन सक्कतर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैठक में मौजूद जगतार सिंह, बालकर सिंह, तरुणदीप सिंह, फौजा सिंह पूर्व प्रधान, सुक्खा सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरदेव सिंह, तारा सिंह, गुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, रोबिन राणा,अतुल शर्मा आदि भारी मात्रा में किसान मौजूद थे।

# जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम एवं नगर पालिका परिषद कर्मियों द्वारा पैमाइश की।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। एक नगर वासी द्वारा आईजी आर एम पोर्टल पर की गई मौजा अजबनगर स्थित कब्रिस्तान पर अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण की शिकायत को लेकर उप जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम एवं नगरपालिका परिषद कर्मियों द्वारा पैमाइश की। नगर निवासी मुजम्मिल द्वारा आई जी आरएम पोर्टल पर मौजा अजबनगर कब्रिस्तान खसरा नंबर 99 - 100 - 100 क -104 -104 ख -105 - 106 - 111- 116 पर हो रहे अवैध कब्जा व निर्माण के संबंध में शिकायत की गई थी जिस पर उप जिलाधिकारी धामपुर मोहित कुमार द्वारा गठित टीम ने मंगलवार को यथा स्थान पहुंचकर कब्रिस्तान की पैमाइश की। राजस्व निरीक्षक अफजलगढ़ नरेंद्र कुमार ने बताया कि मौजा आजबनगर के जिन खसरा नंबर की शिकायत की गई थी वह खाली पड़े प्लॉट हैं उन नंबरों पर किसी भी प्रकार का कोई अवैध कब्जा या अवैध निर्माण नहीं हो रहा है उप जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम में राजस्व निरीक्षक अफजलगढ़ नरेंद्र कुमार, लेखपाल प्रमोद कुमार, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, लेखपाल प्रबल प्रताप राणा, लेखपाल सौरभ चौहान, तथा नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।



# जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण स्वच्छ भारत मिशन को लगाया जा रहा पलीता

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।जनपद संभल विकासखंड के ग्राम पंचायत ततारपुर संदल के ग्रामीणों में ग्राम प्रधान द्वारा साफ सफाई न कराए जाने को लेकर पनप रहा आक्रोश।

आपको बता दे की सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत सरकार ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर काफी चिंतित है और जिले के आला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए कुछ ग्राम प्रधान अपनी मनमानी और दबंगई से बाज नहीं आ रहे है। एक तरफ तो योगी सरकार सबका साथ सबके विकास को लेकर कार्यरत है। वहीं कुछ प्रधान वोटो की मानसिकता को लेकर गांव की साफ सफाई में भेदभाव किया जा रहा हैं, जबकि संभल जिलाधिकारी द्वारा वायरल प्रकोप को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है गांव में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए गांव में गंदगी में एक स्थान पर पानी जमा होने के कारण डेंगू के मच्छर भी जिस कारण ग्रामीणों को टाइफाइड डेंगू मलेरिया आदि बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है सूत्रों की माने तो बताया गया है की प्रधान से साफ सफाई के लिए अनेक बार कहा गया है। लेकिन ग्राम प्रधान हर बार यह कहकर टाल देता है।की आप की तरफ कर को सफाई कर्मचारी आ जायेगा लेकिन सफाई कर्मचारी द्वारा सफाई नहीं कराई जा रही है जबकि स्कूल जाने वाले बच्चों की गंदगी में होकर गुजरते हैं



# घर के बाहर खेल रहे बच्चे सहित आधा दर्जन लोगों को खूंखार आवारा कुत्ते ने घायल किया ग्रामीणो ने कुत्ता को मार गिराया।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। क्षेत्र में गुलदार हमले में थमा नहीं था कि अब कुत्तो के हमले का डर संतानें लगा है। गाजियाबाद की घटना एक सोशल मीडिया वायरल हुईं विडियो में देखा गया एक बेबस बाप अपने बेटे की जान नहीं बचाया पाया उसकी पन्द्रह दिन बाद मौत हो गई ।इस घटना को सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान में लिया। एक मामला मंगलवार को प्रातः नगर के समीप वर्ती गांव में एक आवारा पागल कुत्ते ने बालक सहित आधा दर्जन लोगों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिन्हें सीएचसी व पीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गम्भीर रूप से घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणो ने फिलहाल कुत्ते को मार गिराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर मोहल्ला गौहर अली खां अरहान 5 वर्ष पुत्र अनवर अपनी गली में खेल रहा तभी एक काले रंग के आवारा कुत्ते ने उस मासूम पर हमला कर घायल कर दिया पड़ोसियों ने बच्चे की चीख-पुकार सुनकर बच्चे की जान बचाई और कुत्ता को लाठी डंडे से भगाया घायल बच्चे को परिजनों द्वारा सीएससी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर फार्मासिस्ट मनोज कुमार द्वारा इलाज के बच्चे को छुट्टी दे दी गई। वहीं कुत्ते ने नगर के सीमावर्ती गांव भागीजोत ओर झाड़पुरा में घुसकर आतंक मचा डाला ऋषिपाल पुत्र ठकरू सिंह निवासी भागीजोत, ऋषिपाल पुत्र घनश्याम सिंह,गजम सिंह पुत्र धारी सिंह,बलजीत सिंह पुत्र सुखे सिंह,निवासी झाड़पुरा गन्ना बाधने के लिए खेत पर जा रहे थे,अचानक पीछे से आकर पागल कुत्ते ने इन पर भी हमला कर घायल कर दिया, सभी घायलों को पीएचसी कासमपुरगढ़ी भर्ती कराया गया ऋषि पाल सिंह, गज राम सिंह, बलजीत सिंह, तीनों को बिजनौर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कुत्ता और बंदरों का आतंकी हमले से क्षेत्रवासी भयभीत हैं शिकायत करने के बावजूद भी प्रशासन मौन बैठा हुआ है।



# एम्स के तर्ज पर ही बनेगा वीसीआई

इस नए अखिल भारतीय पशु चिकित्सा विज्ञान संस्थान का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है जो भारत में पशु चिकित्सा एवं पशुधन स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देगा. यह संस्थान पशुओं के स्वास्थ्य के मामले में महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं उपचार प्रदान करेगा, जिससे पशु पालन के क्षेत्र में सुधार हो सकता है. यह भारतीय पशुपालन उद्योग को मानव और पशु स्वास्थ्य के प्रति जवाबी बनाने में मदद कर सकता है और बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकता है.



# महिला के हत्यारे को पुलिस ने कुछ घंटों में किया गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। बीते सोमवार प्रातः 07:30 बजे एक महिला की मामूली बात पर एक युवक दिनदहाड़े चाकू गोदकर निर्मम हत्या कर दी। हमलावर मौके से फरार हो गया था। पिता की तहरीर के आधार जैबुनिशा पत्नी निसार के घर मौहल्ला बेगम सराय साहू साहब जिसके संबंध पुलिस ने मु0अ0सं0 339/2023 धिारा 302/504/506 सरताज आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपी की तलाश में जुट गई थी पुलिस ने कुछ घंटों में ही मुखबिर की सूचना पर ग्राम भूतपुरी तिराहा से सुरजननगर जाने वाले मार्ग पर बनेली नदी के निकट अभियुक्त सरताज को हिरासत में ले लिया गया। पुछताछ करने पार



अभियुक्त की निशानदेही पर आला कत्ल चाकू (छुरी)

# विशाल वृक्ष के कटने से सैकड़ों पक्षी आश्रयहीन लोग करते थे। अपने परिवार की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ थाना क्षेत्र एक प्राथमिक विद्यालय में करीब ढाई सौ पुराना एक बरगद का विशाल वृक्ष बिना अनुमति के किया कटान ग्रामीणों ने पुलिस तहरीर देकर कार्यवाही मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र गांव जामुनवाला स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगभग ढाई सौ वर्ष पुराना बरगद का एक वृक्ष ग्राम प्रधान ने बिना अनुमति के कटान कर दिया ग्रामीणों ने बताया कि इस वृक्ष के नीचे गांव के लोग दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना कर आराध्य के उपासना करते आ रहे हैं इस विशाल वृक्ष के कटने से सैकड़ों पक्षी आश्रयहीन हो गये हैं इस राष्ट्रीय वृक्ष विशाल बरगद का कटान रोकने आये प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान द्वारामिड-डे-मील में अनियमितता व विद्यालय में समय पर ना आने का आरोप लगाकर शिकायत करने की धमकी दी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सहित संबंधित उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र दे भेकर कार्यवाही मांग की।



# भारतीय किसान यूनियन शंकर ने ग्राम अढोला माफी में की समीक्षा बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।ग्राम पंचायत अढोला माफी में भारतीय किसान यूनियन शंकर द्वारा किसान पंचायत का आयोजन किया गया ! भारतीय किसान यूनियन शंकर के जिला अध्यक्ष मा. कामेन्द्र चौधरी ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने किसानों के टूवेल बिल फ्री कराने को कहा था जो आज तक सर्कुलर जारी नहीं हुआ है ! प्रदेश में विद्युत अभियंता और संविदा कर्मी किसानों के कनेक्शन काट कर अवैध उगाही कर रहे हैं ! अभी शीघ्र ही प्रदेश भर की विद्युत प्रणाली को बदलते हुए सॉफ्टवेयर चेंज किया गया है परंतु बदली घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग प्रक्रिया में बहुत ज्यादा खराबी है ! ज्यादातर उपभोक्ताओं के बिल बढ़ाकर मैसेज भेजे जा रहे हैं जिससे किसानों में भारी नाराजगी है ! बिलिंग प्रक्रिया की वेबसाइट को दुरुस्त किया जाए! प्रदेश भर में हर घर नल हर घर जल योजना में गांव में पूर्व निर्मित सीसी , खड़ंजा , सड़कें एवं कार्यदाई संस्था द्वारा तोड़ कर खराब कर दी गई है जिससे किसानों एवं पशुओं का निकलना मुश्किल हो गया है , जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है जिससे बीमारियों की आशंका बढ़ गई है ! किसानों द्वारा अपने मकान बनाने के लिए अपने खेत से मिट्टी उठाने पर ट्रैक्टरों का चालान किया जा रहा है एवं प्रधानमंत्री सम्मान योजना में किसानों की सभी किस्त नहीं पहुंची हैं खाते में किस्त अति शीघ्र भेजी जाएं ! जनपद में अपात्रों के राशन कार्डों को समाप्त करते हुए पात्रों के राशन कार्ड बनवाए जाएं !! भारतीय किसान यूनियन शंकर ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान कराने का आश्वासन दिया !! बैठक में कामेन्द्र चौधरी जिला अध्यक्ष संभल, मंडल महामंत्री अंसार मलिक , संगठन मंत्री गुफरान पाशा, प्रशांत शर्मा तहसील अध्यक्ष ,सेवक सैनी , मुनाजिर पधान, रचित चौधरी, नकुल चौधरी, विपिन चौधरी, नीटू सिंह, महावीर सिंह, ओमेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, पप्पू सिंह, वीर सिंह, रामपाल सिंह, मो. अजीज, मास्टर चित्रपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, सुशील कुमार, अमरीक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे !



# भारत विकास परिषद संभाल कल्की ने किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण संभल। भारत विकास परिषद शाखा संभल कल की द्वाराआज स्कूलों में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम किया गया प्रथम चरण में आज शाखा के सदस्यों द्वारा भिन्न-भिन्न स्कूलों में जाकर इस कार्यक्रम को संपन्न किया गया प्रथम चरण में यह कार्यक्रम आज सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूलबृज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज दयानंद जूनियर हाई स्कूलराजकीय कन्या इंटर कॉलेज सनातन धर्म जूनियर हाई स्कूल सनातन पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों में यह कार्यक्रम शाखा के सदस्यों की सहयोग से संपन्न कराया गया अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हम प्रतिवर्ष शाखा द्वारा बच्चों के प्रोत्साहन करने के लिए एवं गुरुजनों का सम्मान करने के लिए विद्यालयों में यह कार्यक्रम संपन्न करते हैं अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया जाता है एवं गुरुजनों का भी प्रशस्ति पत्र एवं उपहार आदि से सम्मान किया जाता है । कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित गुप्ता राकेश अग्रवाल प्राची गुप्ता संगीता गुप्ता अनुप्रिया अग्रवाल डॉ नितिन दालभ विकास अग्रवाल राकेश भारद्वाज अमित वार्ष्णेय डॉ आलोक कुमार नीरा गर्ग शीतल गुप्ता अर्चना गुप्ता मुदिता गुप्तासंगीता रस्तोगी आदि सदस्यों का सहयोग रहा सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों ने परिषद के इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की अमित गुप्ता द्वारा बताया गया की द्वितीय चरण में कल संभल एवं सिरसी के बाकी बचे सभी स्कूलों में कार्यक्रम किया जाएगा अभी सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।





# राशन विक्रेताओं को वितरण में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

बिसौली आई एम खान। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने बैठक आयोजित कर राशन विक्रेताओं को वितरण में कोताही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने घटतौली व अन्य शिकायतों को लेकर कोटेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। तहसील परिसर स्थित सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में राशन डीलरों की लगातार घटतौली समेत विभिन्न शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि कोटेदार वितरण अधिकारी की मौजूदगी में पूरी ईमानदारी के साथ राशन वितरण करें। अन्यथा की स्थिति में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूर्ति निरीक्षक शुभ्रा मिश्रा ने भी कोटेदारों को वितरण कार्य में पारदर्शिता लाने के दिशा निर्देश दिए। बैठक में पूर्ति लिपिक सोनू कुमार सहित क्षेत्र के अधिकांश राशन डीलर मौजूद रहे।



# उपजिला मजिस्ट्रेट के फौजदारी अहलमद बने सुमित सक्सेना

बिसौली आई एम खान। तहसील कर्मी सुमित सक्सेना ने उपजिलामजिस्ट्रेट के फौजदारी अहलमद के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। श्री सक्सेना ने कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को काम निपटाए। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अंजाम देंगे। इस दौरान स्टेनो जहीर आलम, बंटी, कुलदीप पाराशरी, मोहित, जितेन्द्र, सुंदरलाल आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।



# राजकीय आईटीआई के रोजगार मेले में 205 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

12 सितम्बर 2023 लखनऊ। राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा किया गया। ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी एम0 ए0 खाँ ने बताया गया कि रोजगार मेले में लगभग 450 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 18 कम्पनियों द्वारा 205 अभ्यर्थियों को 8000 से 30000 रुपए प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब के आफर दिये गये तथा यह भी कहा कि जो अभ्यर्थी रोजगार दिवस में चयन से वंचित रह गये है वे अभ्यर्थी 21 सितम्बर 2023 को राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# साहब आखिर कब तक रोडवेज डिपो की सुविधा से मोहताज रहेगा नगर पंचायत इटवा

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। इटवा कस्बे को तो नगर पंचायत का दर्जा मिल गया लेकिन कुछ बुनियादी सुविधाएं अभी भी महरूम हैं। इनमें एक सबसे महत्वपूर्ण सुविधा है रोडवेज बस डिपो। रोडवेज डिपो ना होने की वजह से रोडवेज की बसें आधे सड़क पर ही खड़ी रहती हैं। और लोगों को आए दिन जाम की झाम में फंसना पड़ रहा है। मालूम हो कि नगर पंचायत इटवा जो कि घनी आबादी वाला कस्बा है। इसके चारों सड़कों पर हमेशा वाहनों का आवागवन लगा रहता है। कभी-कभी तो नजारा यह भी देखने को मिलता है कि जाम की झाम में चौराहा थम जाता है। ऐसे में बिस्कोहर रोड चौराहे के निकट आधे सड़क पर ही रोडवेज की बसें बलरामपुर लखनऊ जाने के लिए खड़ी रहती हैं। जिसकी वजह से वहां से गुजरने वाले वाहनों को और पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि बुधवार के दिन इटवा में साप्ताहिक बाजार लगता है उस दिन तो लोगों को और बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुद्धजीवी वर्गों का कहना है कि नगर पंचायत इटवा में यदि रोडवेज डिपो की व्यवस्था कर दिया जाए तो रोड-वेज बसों का ठहराव सड़क पर नहीं होगा और बिस्कोहर रोड से गुजरने वालों को भारी निजात मिल जाएगा। सूत्रों के अनुसार लाइलाज बीमारी बनी जाम की समस्या की वजह से आए दिन वाहन चालकों में तू तू मैं मैं का नजारा भी देखने को मिलता है। लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि रोडवेज डिपो की व्यवस्था पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला कोई ध्यान नहीं दे रहा। कभी-कभी तो जाम में एम्बुलेंस और अधिकारी भी फंसे रहते हैं। और घंटों तक मशक्कत करने के बाद ही निजात मिल पाता है। इसके बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों पर उदासीनता का पर्दा छाया हुआ है। ऐसा भी नहीं की प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों को यह नहीं मालूम होता है कि रोडवेज की बसें सड़क पर ही खड़ी रहती है। लेकिन प्रशासनिक जिम्मेदार सब कुछ जानबूझकर अंजान बने रहते हैं। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि इस गंभीर समस्या की प्रति जब जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक जिम्मेदार इसी तरह उदासीन रवैया अपनाएंगे तो इस गंभीर समस्या से निजात मिल पाना कैसे संभव हो सकता है। यह तो वक्त के कोख में कैद है कि नगर पंचायत इटवा को रोडवेज डिपो का सौगात कब मिल पाएगा।

## स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत एम एल कालेज में प्रदर्शनी लगाई, प्रदर्शनी में लखन ने बाजी मारी

बिसौली आई एम खान। स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत एम एल इंटर कालेज में स्वच्छता प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कालेज के छात्र लखन ने बाजी मारी। मयंक शर्मा दूसरे व कमल शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य डा. एनपी सिंह ने कक्षाओं में जाकर छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री सिंह ने छात्रों को स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने आसपास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजेता छात्रों को पुरुस्कृत भी किया। इस अवसर प्रवक्ता रवीन्द्र कुमार, रजनीश चौधरी, शशिभाष्कर सिंह, राजेश यादव, शैलेन्द्र सिंह, पूनम, सुरेन्द्र सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



## 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रोजेक्ट प्रदर्शन में करें प्रतिभाग:- अश्वनी जैन

फिरोजाबादः- भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन एवं सानिध्य में 31 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस- 2023 के विद्यालय स्तरीय एवं जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन के कार्यक्रम नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में सम्पन्न किए जा रहे हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में निम्न आयु वर्ग 10-14 वर्ष तथा उच्च आयु वर्ग 14- 17 वर्ष होते हैं। एक समूह में अधिकतम दो प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। जिसमें एक समूह प्रमुख एवं एक समूह सदस्य रहेगा। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत गूगल फार्म https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfftW4Q_7Q0DgfO7nDMa4TVewmg4sIINO_WM4gFC550ON7GDA/viewform पर भरना होगा। इससे सम्बंधित उपविषय एवं संबंधित परियोजनाओं, फॉर्म ए, विषय से संबंधित यूट्यूब वीडियो, बाल वैज्ञानिकों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म आदि सामग्री जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य समूह एवं अन्य समूह पर भी प्रेषित की जा चुकी है। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्या से अपील की है कि अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें।

# राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश की अन्तिम तिथि 23 सितम्बर 2023

12 सितम्बर 2023 लखनऊ। विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता व अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि 23 सितम्बर 2023 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि तक समस्त राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थियों का डाटा एससीवीटी पोर्टल पर अपलोड एवं सत्यापित कर सुरक्षित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रवेश पंजीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22 सितम्बर 2023 रात्रि 12 बजे तक व प्रवेश की अन्तिम तिथि 23 सितम्बर 2023 निर्धारित की गई है।

विशेष सचिव ने बताया कि ऐसे समस्त गैर चयनित अभ्यर्थियों (प्रवेश प्रक्रिया में पूर्व में पंजीकृत एवं नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) की ग्रुपवार मेरिट के क्रम में सूची सम्बन्धित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को उपलब्ध करा दी गयी है। निजी संस्थानों हेतु राजकीय व निजी संस्थान के अचयनित व अप्रवेशित सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची उनके लॉगिन में उपलब्ध होगी, जिसके अनुसार नियमानुसार प्रवेश पूर्ण किया जाय। उन्होंने बताया कि राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थियों को एससीवीटी की वेबसाइट पर दिये गये विकल्पों का चयन कर रैंक का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अभ्यर्थी आवंटित जनपद के नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय संस्थान से निर्धारित अंतिम तिथि 23 सितम्बर 2023 से पूर्व सम्पर्क स्थापित कर सकता है। विशेष सचिव ने बताया कि राजकीय संस्थानों में प्रथमता (पूर्व पंजीकृत) गैर चयनित अभ्यर्थियों को सीट आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी तदोपरान्त उपलब्ध रिक्त सीटों के सापेक्ष (नवीन ऑनलाइन आवेदनकर्ता) की मेरिट सूची से व्यवसाय आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।

## लायंस क्लब शाहगंज स्टार का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

शाहगंज, जौनपुर। लायंस क्लब शाहगंज स्टार के अध्याय 2023–24 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव को डॉ. क्षितिज शर्मा (आईपीएमसीसी/जीएटी) ने शपथ दिलाया। प्रवीण श्रीवास्तव के अध्यक्ष पद की शपथ लेते ही पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सभी ने उनको माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि लायंस एमजेएफ जेएन श्रीवास्तव (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), विशिष्ट अतिथि गीता जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, लायन्स डॉ. क्षितिज शर्मा (आईपीएमसी/जीएटी), मनीष गुप्ता कैबिनेट सेक्रेटरी, अर्पित दुबे (वीडीजी 2), आशीष त्रिपाठी (जॉन चेयरमैन), संजीव कोहली (एलटीटूडीजी), धर्मेश मिश्रा डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (हंगर), शीरीह जॉन चेयरमैन ने भगवान नटराज की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने शपथ गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष अरुण पांडेय, सतीश चंद्र गुप्ता, डॉ. तारिक शेख, मनीष अग्रहरि, रविकांत जायसवाल, सचिव संजीव जायसवाल, सह सचिव मनोज पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सह कोषाध्यक्ष सर्वेश चौरसिया, पीआरओ रूपेश जायसवाल, टेल टेमर डॉ. रफीक फारुकी, टेल टुस्टर पवन साहू, चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर, डॉ. सुधाकर मिश्रा, राजपत जायसवाल, डायरेक्टर प्रदीप जायसवाल, डॉ. एसएल गुप्ता, डॉ. डीके गुप्ता, मो. अब्बास को डॉ. क्षितिज शर्मा ने शपथ दिलायी। वहीं नये सदस्य डॉ. देवी प्रसाद पुष्पजीवी, डॉ. आरके वर्मा, पवन साहू, नरेंद्र यादव को अर्पणधार दुबे वीडीजी 2 ने शपथ दिलायी। समारोह का संचालन रविकांत जायसवाल व आभार कार्यक्रम संयोजक मनोज जायसवाल, मनीष अग्रहरि ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. जेपी सेठ, प्रेम नारायण जायसवाल, शैलेश्वर गुप्ता, प्रिंस श्रीवास्तव, सुधांशू श्रीवास्तव, पिंटू अस्थाना, जेपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत मधुबनी में आयोजित हुआ बीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधुबनी में बीर अब्दुल हमीद इतेहादुल मुस्लेमीन कमेटी मधुबनी के द्वारा सर्व दलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महंत जी के मठिया मधुबनी में किया गया। वक्ताओं ने अपने भाषण कहा कि हम लोगो को बीर अब्दुल हमीद के देश के प्रति किए गए अपने कर्तव्यो ,और देश के लिए बलिदान होने की प्रेरणा को लोगो को आत्मसात करनी चाहिए। वक्ताओं ने अब्दुल हमीद की पाकिस्तान की अभेद टैंक को तबाह करने की कहानी भी लोगो को बता कर राष्ट्र प्रेम का जज्बा जगाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैरिया विधायक जय प्रकाश अंचल समाजवादी पार्टी, विशिष्ठ अतिथि परशुराम सिंह भाजपा नेता, सुबाष



यादव पूर्व विधायक बसपा, अजीत कुमार सिंह,प्रदेश सचिव सी आई टी यू, राम कृष्ण यादव खेत मजदूर यूनियन जिला सचिव,आदि ने अपना विचार रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम मनोज यादव की टीम ने किया और अपने गायकी से लोगो के दिलो में देश प्रेम का जज्बा पैदा किया। बीर अब्दुल हमीद इतेहादुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर मुहम्मद इजरायल,नायब सदर आरिफ खान, नायब सदर मुहम्मद रफीक, खजांची आफताब आलम, संगठन मंत्री मुहम्मद रफीक, और संजोजक मुमताज हुसैन रहे। प्रधान संघ बैरिया के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने सभी का स्वागत और आभार प्रकट किया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक क्लिनिक को किया सील

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह : स्थानीय तहसील क्षेत्र में संचालित शुभक्लिनिक को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम बलिया से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा देवेंद्र सिंह ने बताया की अस्पताल के विरुद्ध गंभीर शिकायत की जांच के ये कार्यवाही उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हुई है। सूत्रों के अनुसार बांसडीह कस्बा निवासी गोपाल जी गुप्ता ने बांसडीह पिण्डहारा स्थित शुभ क्लीनिक के विरुद्ध उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अवैध रूप से अस्पताल संचालित करने,मरीजों अवैध धन वसूली,मरीजों का शोषण,अवैध रूप होमियो पैथिक का लाइसेंस लेकर एलोपैथिक इलाज सहित अवैध रूप से गर्भपात करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाया था,इसी क्रम में ये कार्यवाही हुई है। मौके पर बलिया से आए डा योगेंद्र दास,बीरेंद्र कुमार बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीक्षक डा वेंकटेश मौआर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आईआरसीएस ने चलाया राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रति जन जागरुकता

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया। : जिलाधिकारी/अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया के निर्देशन के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी/उपाध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया के आदेशानुसार आज मंगलवार को गुलाब देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की रोकथाम के लिए जन जागरुकता अभियान के तहत गोष्ठी किया गया। इसी क्रम में जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव द्वारा डेंगू ,मलेरिया,फाइलेरिया आदि संचारी रोगों पर छात्राओं को विस्तार से जागरूक किया गया।मच्छरों वा संचारी रोगों से बचाव हेतु साफ सफाई,मच्छर दानी के प्रयोग,पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने,जल जमाव न होने देने,समय से जांच इलाज कराने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया गया। हाथ धोने, पानी उबाल कर पीने, बाहर की खाद्य सामग्रियों का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी बलिया से शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा सोसायटी द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा सभी 256 छात्राओं को स्वच्छता एवं साफ सफाई से संबंधित स्वच्छता



कीट, सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। अध्यक्षता संरक्षक सदस्य रेडक्रास सरदार सुरेन्द्र सिंह ने तथा संचालन विश्व विद्यालय से डॉ दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. निवेदिता श्रीवास्तव, प्रिया सिंह, डॉ मनीषा मिश्रा, अंजू गोयल, रुबी चौधरी, कुमारी शिवांगी मिश्रा, डॉ सुशील श्रीवास्तव आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अब हुनर के साथ हाथ में होंगे आधुनिक हथियार, 1500 कामगारों को सरकार देगी लोन

17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री कामगारों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं. कामगारों को लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया जाएगा. शाहजहांपुर में भी योजना का लाभ दिलाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है. जिला उद्योग केंद्र द्वारा कामगारों के रजिस्ट्रेशन करवाएं जा रहे हैं. इसके बाद कामगारों को संबंधित ट्रेड का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा

बताते चलें कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 18 ट्रेडों से जुड़े कामगारों को रजिस्ट्रेशन करने के बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा. योजना में बढ़ई, लोहार, मूर्तिकार, कुम्हार, सुनार, मोची, राजमिस्त्री, दर्जी, टोकरी और खिलौने बनाने वाले कामगारों को लाभान्वित किया जाएगा. योजना का लाभ लेने के लिए 18 वर्ष से अधिक उम्र के कामगारों को जन सुविधा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा. जिसके लिए ग्रामीण इलाकों में ग्राम पंचायत सचिव और नगरीय इलाकों में ईओ को योजना के प्रचार प्रसार के लिए जिम्मा सौंपा गया है. इसके बाद लगातार अब लोग रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं. रजिस्ट्रेशन के बाद वेरिफिकेशन कराया जाएगा और जो वास्तविक कामगार होंगे उनको योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा.



उपायुक्त उद्योग बताते हैं कि योजना का लाभ लेने के लिए जन सुविधा केंद्रों पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. रजिस्ट्रेशन करने वाले कामगार की उम्र 18 साल या उससे अधिक होनी चाहिए. रजिस्ट्रेशन के बाद कामगारों को संबंधित ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण का प्रतिदिन 500 रूपए के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा.प्रषिक्षण के बाद कामगारों को 15 हजार रुपए का ई-वाउचर टूल किट भी उपलब्ध कराया जाएगा.

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कामगारों अपना रोजगार स्थापित करने के लिए पहले चरण में पांच प्रतिशत ब्याज दर से एक लाख रुपए का लोन देने का भी प्रावधान है. वहीं दूसरे चरण में लोन की राशि को बढ़ाकर दो लाख रुपए कर दिया जाएगा. कामगारों के लिए भारत सरकार की इस मंशा को काफी सराहा जा रहा है. वहीं कामगारों का कहना है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का वह स्वागत करते हैं. अगर इस योजना के तहत उनका लाभ मिलता है तो वह अपने रोजगार को और आगे बढ़ाएंगे जिससे वो तौर पर मजबूत होंगे.

## परमपिता परमेश्वर

वो ईश्वर ही है, जो कभी छोड़ते नही,
किया जो उनपर विश्वास, उस विश्वास को कभी तोड़ते नही।
संघर्षो में साथ खड़े रहते, मैं हू ना मुस्कुरा कर ये कहते रहते,
आगे बढ़ने का हौसला वो देते, जीवन की सार्थकता वो देते।
जो पाया उन्हीं से पाया, आगे भी जो मिलेगा उन्ही की कृपा से,
फिर कैसा गुमान खुद पर, बस नजरें टिकी रहे ईश्वर और कर्म पर।
सत्य पर चलना, कर्तव्यनिष्ठ रहना, जीवन का ये सार है।
आनंदित मन से, स्वच्छ हृदय से सदैव मन में कहना, ईश्वर की जय जय कार है।

**प्रतिमा उपाध्याय "पीहू" (शिक्षक)**
**प्रधानाध्यापक-प्रावि अमृतपाली**
**विखं- दुबहड़ (बलिया)**

## आयुष्मान भव अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में आयुष्मान भव अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक सोमवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर पर 13 सितंबर से किया जाना है। अभियान 05 चरणों में आयोजित होगा। जिसमे सेवा पखवारा, आयुष्मान आपके द्वार



3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड शामिल है। इसके अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अन्य चिकित्सकगण एवं प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कटान पीड़ितों की मदद के लिए युवा नेता ने किया एक दिनी भूख हड़ताल

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : सरयू नदी के कटान वाले गांवों को पूर्णतया सुरक्षित करने के साथ नष्ट हुई फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ देने व बाढ़ चौकियों को समृद्ध बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को युवा नेता प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में युवाओं द्वारा मंगलवार को बांसडीह में एक दिवसीय भूख हड़ताल की गयी।

सुबह दस बजे से हड़ताल पर बैठे युवाओं द्वारा बांसडीह में सरयू नदी के कटान को लेकर मांग की जाती रही कि उनके द्वारा विगत 8 अगस्त को उपरोक्त मांगो को लेकर तहसील



का घेराव किया गया था। जिसपर एसडीएम द्वारा 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन वह आश्वासन नहीन सिर्फ एक छलावा था। जो बांसडीह क्षेत्र के पीड़ित किसानों के साथ किया गया था। इसे लेकर नौजवानों द्वारा भूख हड़ताल पर बैठकर प्रशासन की नाकामी जनता के लाई गयी। हड़ताल समाप्त होने पर युवाओं द्वारा एसडीएम को पत्रक सौंप कर इस विषय पर कार्रवाई की मांग की गयी। इस दौरान अभिजीत तिवारी, सत्यम, शुभम गुप्ता, श्रीप्रकाश, सनी सिंह, अनमोल गुप्ता मंटू, तेजप्रताप सिंह, मोहित चौधरी, मन्नू कुमार आदि युवा उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया रोगियों को देखभाल के लिए प्रदान की गई एमएमडीपी किट

**-स्वास्थ्य विभाग का कार्य**
**-प्रशिक्षण में फाइलेरिया प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल के प्रति किया जागरूक**
**-फाइलेरिया रोगी सहायता समूह नेटवर्क के रोगियों को मिली किट**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : बेरुआरबाड़ी ब्लॉक के आसचौरा गाँव के शिव मंदिर में सोमवार को कैम्प आयोजित कर 34 फाइलेरिया रोगी सहायता समूह नेटवर्क के सदस्यों (रोगियों) को रुग्णता प्रबन्धन एवं दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) किट प्रदान की गयी। इसके साथ ही फाइलेरिया प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान एवं सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक ताज मोहम्मद ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसे लिम्फोडिमा (हाथी पांव) भी कहा जाता है। यह बीमारी न सिर्फ व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है बल्कि



इस वजह से मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में जनपद में लिम्फोडीमा फाइलेरियासिस (एलएफ) के 4223 मरीज हैं। इन मरीजों में से 3149 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जा चुकी हैं। शिविर में फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन का अभ्यास कराया गया, हमें रोग के प्रबंधन, साफ- सफाई, पैर की धुलाई, उचित आकार के चप्पल, सैंडल पहने, चोट लगने, कटने, जलने से बचाव के बारे में जानकारी मिली। व्यायाम के विषय में भी जानकारी मिली अब मैं सुबह - शाम अभ्यास करूंगा, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करूंगा। साथ ही फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन किट भी मिली है, इस किट में अभ्यास के दौरान दिखाई गई सभी सामग्री मौजूद है।

## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में बीबीए की काउंसिलिंग आरंभ

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में बीबीए के नवीन पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण तथा आवेदन पत्र चार सितंबर से ऑनलाइन भरे जा रहे थे। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के निदेर्शानुसार इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों की काउंसिलिंग मंगलवार (12 सितंबर) से प्रारंभ की गयी। प्रवेश प्रभारी डॉ. प्रियंका सिंह, सह आचार्य, समाजशास्त्र, समन्वयक डॉ. विजय शंकर पाण्डेय, सहायक आचार्य, कामर्स के साथ डॉ. विनीत सिंह, सह आचार्य, कामर्स, डॉ. गुंजन कुमार,



सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र एवं डॉ. प्रज्ञा बौद्ध, सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र की टीम ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर उचित सलाह एवं निर्देश प्रदान किया।काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को पंजीकरण एवं आवेदनपत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाणपत्र संलग्न कर विवि परिसर में किसी कार्यदिवस में 11.00 से 4.00 बजे के मध्य उपस्थित होकर संपन्न करानी होगी। काउंसिलिंग के पश्चात ही प्रवेश शुल्क जमा होगा और तभी प्रवेश सुनिश्चित होगा।

## 13वीं शताब्दी में हुआ था चंद्रवार किले का निर्माण, राजा चंद्रसेन के बेटे ने बनवाया था किला

फिरोजाबाद. फिरोजाबाद शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित राजा चंद्रसेन का किला प्राचीन इतिहास का गवाह रहा है. इस किले को राजा चंद्रसेन के बेटे ने 13वी शताब्दी में बनवाया था. वहीं इतिहासकारों का कहना है कि यहां पर कई ऐतिहासिक युद्ध भी हुए हैं. यह किला आज भी एक खंडहर के रूप में बेहड में यमुना किनारे स्थित है.

इस किले की दीवारों पर ऐतिहासिक कलाकारी देखने को मिलती है. इसे देखने के लिए फिरोजाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग आते हैं यह किला पुरातत्व विभाग में भी शामिल किया जा चुका है इसके बाद अब इसकी देखरेख भी शुरू की जाएगी.

### 1193 के आसपास मोहम्मद गौरी के बीच हुआ था युद्ध

फिरोजाबाद के इतिहासकार प्रोफेसर ए बी चौबे ने बताया कि फिरोजाबाद के बेहड़ों में स्थित चंद्रवाड का किला काफी प्राचीन है. वहीं इसका इतिहास भी काफी रोचक रहा है. इस किले का निर्माण राजा चंद्रसेन के बेटे चंद्रपाल ने कराया था, सन 1193 ई. के आसपास राजा जयचंद और मोहम्मद गौरी के बीच भयंकर युद्ध इसी जगह पर हुआ था.

### खोखली हो चुकी हैं दीवारें

इस किले की सीमाएं उस समय कन्नौज की सीमा तक जाती थी. इस किले के निर्माण में पतली ककरिया ईंटों का इस्तेमाल किया गया था. आज इस किले में चहर दीवारें दिखाई देती हैं. वहीं इसमें तीन दरवाजे भी बचे हुए हैं कुछ दीवारें इसकी खोखली हो चुकी है. दीवारों पर नक्काशी का भी प्रयोग देखने को मिलता है. मौजूदा हालात में किले तक जाने के लिए झाड़ियां और कच्चे रास्तों का प्रयोग करना पड़ता है.

### पुरातत्व विभाग में हो चुका है शामिल

इतिहासकार बताते हैं कि चंदवाड का यह किला फिरोजाबाद की ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है. हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के पुरातत्व विभाग ने इसे अपनी धरोहरो में शामिल किया है. वहीं अब इसकी देखरेख भी पुरातत्व विभाग ही करेगा.

## बस्ती महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं को बड़ी राहत, इन विषयों में भी अब होगी पढ़ाई, एडमिशन शुरू

बस्तीः यूपी के बस्ती में ग्रेजुएशन करने वाली छात्राओं के लिए सरकार की तरफ से बड़ी राहत मिली है. दर-असल, यहां के सबसे पुराने महिला पीजी कॉलेज में अब कुछ ऐसे सब्जेक्ट छात्राओं को पढ़ाए जाएंगे, जिस्को करने के लिए छात्राओं को पहले गैर जनपद जाना पड़ता था, लेकिन अब जनपद की छात्राएं यहीं पर रहकर अपने मनपसंद विषय में ग्रेजुएशन कर सकेंगी.

बता दें की बस्ती में छात्राओं के लिए एकमात्र महिला पीजी कॉलेज में अब पॉलिटिकल साइंस और संस्कृत के साथ-साथ ज्योग्राफी में भी ग्रेजुएशन हो सकेगा. दर-असल, इससे पहले ये कोर्स कॉलेज में नहीं थे. लिहाजा छात्राओं को इन विषय में पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. पॉलिटिकल साइंस में जहां 80 सीटें हैं तो वहीं संस्कृत में भी 80 और ज्योग्राफी में 60 सीटें मिली हैं.

### एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. प्रियंका पांडेय ने बताया कि नई मान्यता मिले विषयों में एडमिशन का कार्य शुरू हो गया है, लेकिन अभी काफी कम संख्या में छात्राएं आ रही हैं. पॉलिटिकल साइंस और ज्योग्राफी में 11 छात्राओं ने एडमिशन ले लिया है, लेकिन अभी तक संस्कृत में एक भी छात्रा ने एडमिशन नहीं लिया है. इसलिए एडमिशन प्रोसेस काफी स्लो है. हालांकि, उसका एक कारण यह भी है कि अभी छात्राओं को नए विषय के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है. हम लोगों ने कॉलेज की छात्राओं और अन्य लोगों से अपने करीबियों से बताने और अधिक से अधिक एडमिशन कराने की अपील की है.

## गायब युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मुकदमा

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दस दिन पूर्व गायब हुई युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। अपनी तहरीर में युवती के पिता ने बताया है कि उनकी पुत्री को गांव का एक युवक बीते तीन तारीख को प्यार मोहब्बत का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है। उनकी काफी तलाश की गयी लेकिन कोई पता नही चला। मामले में युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर युवती की तलाश की जा रही है।

## महिला की तहरीर पर पांच महिलाओं सहित सात पर एससीएसटी का मुकदमा

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के मंगलपुरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ कि गयी मारपीट के मामले में वादिनी की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष की पांच महिलाओं समेत सात लोगों के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। महिला मीना देवी का आरोप है कि बीते रविवार को जब वह अपने खेत पर जा रही थी तभी गांव के इंद्रासन साहनी की पत्नी पुत्री व अन्य घर के लोगों ने उसे रोककर उसके साथ मारपीट की और उसे जातिसूचक गालियां देते हुए उसे बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर आस पास के लोगों ने जुटकर उसे बचाया। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने पांच महिलाओं समेत दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कारवाई की जा रही है।

## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में लोक भाषा कवि सम्मेलन 14 सितम्बर को

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय तथा उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग, उ0प्र0) के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर 14 सितम्बर को हिन्दी, भोजपुरी, ब्रज, बुंदेली एवं अवधी लोकभाषा के कवियों का एक कवि सम्मेलन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। जनपद में अपने आप में अनूठा यह पहला आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न भाषाओं एवं बोलियों के कवि अपनी-अपनी कवितायें प्रस्तुत करेंगे।



आमंत्रित कवियों में अशोक बेशरम प्रयागराज, भालचन्द त्रिपाठी आजमगढ़, अभिजीत मिश्रा रायबरेली, अशोक अग्य वृंदावन, नीलम कश्यप भिलाई छत्तीसगढ़, उमेश मिश्रा रीवा मध्य प्रदेश एवं ब्रजमोहन प्रसाद 'अनारी', बलिया सम्मिलित हैं। उक्त आशय की जानकारी कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्त ने दी है।

## विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शिक्षक अंजली तोमर का हुआ चयन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समखज जागरण**

बलिया : शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर में कार्यरत नवाचारी शिक्षिका अंजली तोमर का चयन राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अंजली तोमर प्राथमिक स्तर के लिए गणित विषय के लिए राज्य स्तर पर टीएलएम का निर्माण करेंगी। यह प्रतियोगिता 12 सितंबर से 15 सितंबर तक एनसीईआरटी लखनऊ में आयोजित होगी। जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जनपद के शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। इसके पूर्व अंजली तोमर आईसीटी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रतिभाग कर चुकी है।



अंजली तोमर निरंतर नवाचार के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहती हैं कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत से ही उनके मन में कुछ अलग करने की ललक थी जो आज फलीभूत होती दिख रही है।

## रसड़ा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

बलिया : रसड़ा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के सिपुर्द कर दिया। पुलिस इस अभियुक्त की लंबे समय से तलाश थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियत्रंण व वांछित तथा इनामिया अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने अभियुक्त निखिल यादव पुत्र हंसनाथ यादव निवासी प्रधानपुर थाना रसड़ा को रेलवे स्टेशन कस्बा से गिरफ्तार कर न्यायालय के सिपुर्द किया। पुलिस को काफी दिन से इसकी तलाश थी।

## चोरी की तीन मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्त को गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : स्थानीय पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के सिपुर्द किया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने बताया पुलिस ने दो अभियुक्तों को वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा तो पता चला बाइक चोरी की हैं। पुलिस ने सख्ती किया तो तीन बाइक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों में पड़सरा निवासी अरमान शेख तथा कमरौली निवासी अशोक यादव थे। पुलिस ने अभियुक्तो को न्यायालय के सिपुर्द किया।

## डा. अभिषेक श्रीवास्तव समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : समाजवादी शिक्षक सभख के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो. बी पांडेय ने डा. अभिषेक श्रीवास्तव को शिक्षक सभा का राष्ट्रीय सचिव घोषित किया है। राष्ट्रीय सचिव ने 40 लोगों को इस पद पर तैनात किया है। डा. अभिषेक श्रीवास्तव पेशे में आगरा तैनात हैं मगर वह मूल रुप से बलिया जनपद के सतनी ,राय के निवासी हैं। डख. अभिषेक श्रीवास्तव के राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर जिले में खुशी का आलम है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अभिषेक श्रीवास्तव को बधाई दी है।



## दो गोवंश राशि मवेशी संग एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

बलिया : थाना भीमपुरा पुलिस ने दो गोवंश राशि मवेशियों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के सिपुर्द किया।

प्रभारी निरीक्षक शत्रुघ्न कुमार के नेतृत्व में भीमपुरा पुलिस अम्बेडकर नहर पुलिया बहद ग्राम बरौली से अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र सूर्यभान ग्राम बाराडीह लवाई पट्टी (सतहवा) थाना भीमपुरा को गिरफ्तार किया। उसके पास दो राशि गोवंश बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के सिपुर्द किया।

# 2024 का चुनाव जितवाने में अहम भूमिका निभाएंगे अल्पकालीन विस्तारक : रणधीर धीरू

समाज जागरण/

हरियाणा/ हिसार (राजेशसलूजा) बरवाला में अल्पकालीन विस्तारकों ने शक्ति केंद्र पर बूथ पदाधिकारियों के साथ की बैठक

बरवाला। भाजपा के अल्पकालीन विस्तारकों ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निदेर्शानुसार शक्ति केंद्रों पर जाकर अपना कार्य शुरू कर दियाा है। इसी के तहत बरवाला विधानसभा के विस्तारक ने बरवाला के शक्ति केंद्र प्रमुख भाजपा सचिव एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू के आवास पर पहुंचकर शक्ति केंद्र के त्रिदेवों के साथ बैठक की। अपने आवास पर पहुंचने पर शक्ति केंद्र प्रमुख रणधीर सिंह धीरू ने अल्पकालीन विस्तारक विस्तारक संजय बिश्नोई व अमित पुनिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि भाजपा के अल्पकालीन विस्तारक पार्टी की मजबूत आधारशिला रखते हुए 2024 का चुनाव जितवाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पकालीन विस्तारकों ने अपने दायित्व संभालते हुए मिशन 2024 का शंखनाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच दिनों में विस्तारक पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे।

पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि अपने अभियान के दौरान अल्पकालीन विस्तारक संबंधित क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन करते हुए वहां के लोगों से मिलेंगे तथा केंद्र व राज्य सरकार की अब तक की उपलब्धियों व योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा विस्तारक सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिलेंगे और उनके सुख-दुख सांझा करेंगे, अगर उन्हें कोई समस्या है तो उसका समाधान करवाने का प्रयास भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पार्टी को लगातार तीसरी बार सत्ता में लाने में



विस्तारकों की सबसे अहम भूमिका रहने वाली है।

उन्होंने बताया कि आज बैठक में पार्टी संगठन द्वारा बूथ स्तर पर आयोजित किए जाने वाले सात कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई और इन कार्यक्रमों में सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने लिए कहा। उन्होंने बताया कि पार्टी संगठन के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में बूथ समितियों के गठन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर डॉक्टर वजीर गिल, सुरेश गोयल, टेकचंद मुदगिल, दयानंद जांगड़ा, केवल कृष्ण आर्य, राजकुमार फौजी, सतीश गिल, किशन गूंदली, पलवेश, शुभकरण, सतीश पाहवा, योगेंद्र नायक, डॉक्टर करतार सिंह, जगत राम मित्तल, सुरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पटवारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल, रोजाना तहसील कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशानियां झेल रहे किसान

अनूपपुर । पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को जिले के न्यायालय अनूपपुर तहसील के सामने धरना बैठे हुए हैं। पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते भूस्वामियों को दस्तावेजों के लिए भटकना पड़ रहा है। नहीं हो रहा है किसान एवं पक्ष कारों का कार्य तहसील कार्यालय के चक्कर लगाती लगती अन्य कार्य भी प्रभावित होते जा रहे हैं ।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर जिले के पटवारियों ने पिछले 17 दिनों से कलमबंद हड़ताल पर चले जाने का असर जिले भर के सभी तहसीलों में दिखाई देने लगा है। यहां पर अब राजस्व संबंधी सभी तरह का काम बाबुओं के हवाले हो गए हैं। इसी वजह से भूस्वामियों को दस्तावेजों के लिए भटकना ही पड़ रहा है। दरअसल पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से भूमि संबंधी सभी तरह के काम पर अंकुश लग गया है। ऐसे में रिपोर्ट, दस्तावेज, नकल आदि मिलना भी मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं लोगों की पेशियां तक नहीं हो पा रही हैं। इस वजह से जिले की तहसीलों में लगभग हजारों राजस्व सहित अन्य प्रकरण अटक गए हैं। ऐसे में यहां पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों पर काम का बोझ



बढ़ गया है। बता दें कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ के नेतृत्व में पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है।

## जिला मुख्यालय के अनूपपुर तहसील के बाहर कर रहें प्रदर्शन

पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को अनूपपुर तहसील के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं । तहसील में सुबह 11 बजे से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और शहर से किसानों का आना शुरू हो जाता है। वह यहां अपने काम के लिए तहसील तो पहुंचे, लेकिन उनको न तो दस्तावेज मिले और बाबुओं ने पेशी व काम की आगे की तारीख देकर वापस लौटा दिया जाता है।पटवारियों के हड़ताल पर जाने से जिले की चारो तहसील अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी , राजेंद्रग्राम में लोग नामांतरण, सीमांकन, खसरा-खतौनी, नक्सा, रजिस्ट्री,बंटवारा,फसल गिरदावरी, पीएम-सीएम पेमेंट सहित खेती- किसानी से जुड़े अन्य काम पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के अनूपपुर जिला अध्यक्ष ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं करेगी सरकार तब तक हम अनिश्चित हड़ताल पर रहेंगे और धरना प्रदर्शन के साथ- साथ अलग-अलग तरीके से कार्यक्रम करके सरकार की ध्यान अपनी तरफ लाने की कोशिश करेंगे ताकि सरकार हमें अपने वादे के मुताबिक हमसे बातचीत करें और हमारी मांगों को पूरी करें । पटवारी संघ के कोतमा तहसील अध्यक्ष ने बताया कि "सरकार द्वारा वादा करने के बाद भी पटवारियों का ग्रेड पे 25 साल से यथावत 2100 रुपये है जिसे 2800 किया जाना था, लेकिन नहीं किया गया. इसी मांग को लेकर हमारी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी ।

# बिजली कटौती से सिंहपुर क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान "

समाज जागरण/

शहडोल/ समीपस्थ ग्राम सिंहपुर स्थित कार्यालय विद्युत वितरण केंद्र एवं 33/11 के .व्ही.सब स्टेशन सिंहपुर द्वारा रक्षाबंधन त्योहार के रात्रि 9 बजे 11बजे एवं रात्रि 1बजे से 3 बजे तक बिना किसी सूचना के बिजली कटौती होने से सिंहपुर तथा 55 डी सी गावो के विद्युत उपभोकताओ मे हलकान मचा हुआ है इस भीषण उमस वाली गर्मी से लोग बैठकर बिहान कर रहे है तथा सुबह बूढे बच्चे जवान सभी अनिद्रा से बीमार होकर असपतालो की ओर रुखसत कर रहे है इस पीड़ा दायक समस्या पर सम्पूर्ण क्षेत्र चुप्पी साधे बैठा मात्र मूकदर्शक अंजान आपरेटरो को फोन लगाकर गली चौक चौराहे बतियाते घूम रहे है कि शहडोल से लाईट कटौती हो रही है यह भी कहते सुनते देखे जा रहे है कि गत दिनो जो घोषणा हुई है कि 31 अगस्त 2023 तक बिजली के बढे हुए सभी बिजली के बिल स्थगित किए जायेगे तथा माह सितम्बर से यह बिल जीरो आयेगे । यह कहा तक सच है तथा इसकी कार्यवाई शुरू हुई कि नही लेकिन विद्युत वितरण केंद्र तथा सब स्टेशन चालू होने के बाद पहला यह मौका है जब सिंहपुर ग्राम व क्षेत्र अन्तर गत यह विद्युत उपभोकताओ के लिए रोष तथा क्षोभ का कारण बना हुआ है इसका फिलहाल कोई समाधान होता दिखाई नही दे रहा है जनापेक्षा है कि बिजली विभाग के उच्च अधिकारी गंभीर स्थिति को समझे तथा समाधान करे अन्यथा इस समस्या से जनाक्रोश बढ है ।

# जैतपुर विधानसभा क्षेत्र से अनिरुद्ध सिंह कांग्रेस के प्रबलदावेदार

शहडोल । आगामी 2 से 3 माह के उपरांत प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने हैं और शहडोल जिले की जैतपुर विधानसभा सीट कांग्रेस पार्टी से अनेक दावेदार टिकट के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इस विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी से अनिरूद्ध सिंह कंवर प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं । यह सीट अ.ज.जा. के लिए आरक्षित है।ग्राम खांडा पोस्ट रूपौला के निवासी अनिरुद्ध विभिन्न दायित्वों का निर्माण कर चुके हैं जिसमें सदस्य कांग्रेस पार्टी (माकपुर महामंत्री,अध्यक्ष, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ, ब्लाक बुढ़ार,अध्यक्ष, राजीव गाँधी स्टडी सर्कल जिला शहडोल ,वर्ष 2021 में जिला वनोपज यूनियन वन मण्डल



दक्षिण शहडोल अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए।कंवर समाज का जिला अध्यक्ष जिला शहडोल (म.प्र.) ,वन पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शहडोल,प्रदेश प्रतिनिधि राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल। आदिम जाति सहकारी समिति केशवाही संचालक मण्डल सदस्य,डायरेक्टर निर्विरोध वर्ष 2002 - 2012 तक।उनकी पत्नी श्रीमती बेला सिंह सरपंच ग्राम पं. खांडा ज. पं. बुढ़ार, जिला-शहडोल 2005-2015 तक रह चुकी हैं. कंवर समाज के जिला उपाध्यक्ष,विशेष आमंत्रित सदस्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी जैतपुर ,ग्रामसभा अध्यक्ष ग्राम पंचायत खांडा 1989 में,महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल।

,सरपंच ग्राम पंचायत खांडा, जिला शहडोल म.प्र.वर्ष 1993-94,अध्यक्ष जिला लघु वनोपज सहकारी समिति वन मण्डल दक्षिणशहडोल वर्ष 2000- 2010 तक रह चुके हैं।

# वन अधिकार मिशन रथ यात्रा का आगमन केशवाही में

बुढार। मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश कांग्रेस वन अधिकार मिशन प्रदेश व्यापी रथ यात्रा 2023 आगमन नया बस स्टैंड केशवाही में संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एसपी तिवारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वन पर्यावरण प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से आवाहन किया है कि उक्त अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

# श्री बृजकिशोर गुप्ता बने प्रांतीय श्री कसौधन वैश्य महासभा मध्यप्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष

10 सितम्बर को मध्यप्रदेश प्रांतीय श्री कसौधन वैश्य महासभा का निर्वाचन कार्यक्रम सफलता पूर्वक जिला उमरिया स्थित कृष्णा गार्डन मे सभी स्वाजातीय बंधुओ की उपस्थिति मे संपन्न हुआ जिसमे श्री बृजकिशोर गुप्ता शहडोल पुनः बने प्रांतीय अध्यक्ष एवं श्रीनाथ गुप्ता सतना बने उपाध्यक्ष कार्यक्रम के मुख्य चुनाव अधिकारी जगातनारायण गुप्ता उमरिया अपने सहायक चुनाव अधिकारी कमलेश गुप्ता जबलपुर, विनय गुप्ता शहडोल, शिवानारायन गुप्ता कटनी खितौली, रामफल गुप्ता सतना, दुर्गा गुप्ता कौड़िया, मनोज गुप्ता बुढ़ार, प्रहलाद गुप्ता कैमोर, प्रवीण (प्रभु) गुप्ता एवं कृष्णा गुप्ता उमरिया के सहयोग से संपन्न कराया गया। जिसमें मुख्य चार प्रत्याशी बृजकिशोर गुप्ता शहडोल, अरविंद नायक बुढार, अभिजीत गुप्ता सतना और श्रीनाथ गुप्ता सतना द्वारा अध्यक्ष पद हेतु फॉर्म भरा गया और निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार प्रथम बृज किशोर गुप्ता को 214 मतो के साथ विजय घोषित किया गया जानकारी के अनुसार 610 मतदाता



संख्या थी जिसमें 552 मतदाताओं ने मतदान कर अपनी भूमिका इस निर्वाचन प्रक्रिया में निभाई श्रीनाथ गुप्ता दूसरे पायदान पर 160 मतो के साथ तीसरे पायदान पर अरविंद नायक 103 मतो के साथ और चौथे पायदान पर अभिजीत गुप्ता 73 मतो के साथ इस निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं का मत हासिल कर पाए परिणाम आने के तत्पश्चात सभी स्वाजातीय बंधुओ की उपस्थिति में चारों प्रत्याशियों ने हाथ मिलाकर एक दूसरे का यह अभिवादान किया एवं सभी ने आए हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त कर समाज को नई दिशा में ले जाने हेतु संकल्प लिया। समाज में होने वाले हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी से निवेदन करते हुए एवं समाज के हर वर्ग को हर तरह की सहयोग एवं उनकी अपेक्षा रूप कार्य करने के लिए वचनबद्ध होकर अपने इष्ट देव व गोत्र प्रवर्तक महर्षि कश्यप ऋषि जी का आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम में लगभग 1200 सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति रही नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के उमरिया नगर के कृष्ण गार्डन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्रांतीय श्री कसौधन महासभा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष पद के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रदेश के समस्त जिले नगर व ग्राम से स्वजातीय सदस्यों से आशीर्वाद स्वरूप जो अपना बहुमूल्य मत देकर प्रांतीय अध्यक्ष पद का दायित्व सौंप कर पुनः समाज सेवा करने का अवसर प्रदान किया है इसके लिए मैं आप सभी का आभार प्रकट करता हूं

# तेज रफ़्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर

समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (13 सितम्बर )तेज रफ़्तार ने फिर एक बार कहर ढाया है जिसमे दो लोगों की मौत हो गयी और एक गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है जिसका इलाज जारी है। जानकारी अनुसार लालबर्रा थाना अंतर्गत ग्राम घटोलगांव में मंगलवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया, जिससे चीख पुकार मच गयी।सड़क किनारे किराना दुकान में बैठकर बातचीत कर रहे गांव के तीन ग्रामीणों को तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला, जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे ने लालबर्रा अस्पताल में दम तोड़ दिया।

दोनों मृतक एवं घायल आपस में रिश्तेदार है।कार चालक का नाम प्रवीण ठाकरे बताया गया है, जो अपने परिवार के साथ कार क्रमांक एमपी 18 सी 4734 से जाम की तरफ जा रहा था। वाहन चालक प्रवीण ठाकरे सिवनी जिले में महिला थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वह लालबर्रा के ही जबलटोला



का रहने वाला है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और जमकर हंगामा करने लगे।

दिलदहला देने वाले इस हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों के आक्रोश व तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हालात को देखते हुए आसपास के पुलिस थानों से भी पुलिस बलों को बुलाया गया है। ग्रामीण दोनों शवों को घटना स्थल पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रत्यक्षदशीर्यों के अनुसार घटोलगांव में सड़क किनारे अब्दुल खान की किराना व चाय की दुकान है, जिसमे मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे ओमलाल सौलाखे उम्र-55 वर्ष,भिक्कुलाल पिता गोहा सौलाखे उम्र-50 वर्ष व हेमराज पिता नानाजी सौलाखे उम्र-60 वर्ष के साथ बैठकर तीनो बातचीत कर रहे थे, तभी नेवरगांव से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और दुकान में बैठे भिक्कुलाल, हेमराज व ओमलाल को अपनी चपेट में ले लिया, कार की रफ़्तार इतनी तेज थी कि तीनो को दूर तक घसीटते हुए ले गई और गड्ढे में जाकर फंस गई।

इस हादसे में हेमराज सौलाखे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, भिक्कुलाल को तत्काल लालबर्रा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ओमलाल सौलाखे को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है। बताया गया कि तीनों लोग आपस में रिश्तेदार हैं।इस भीषण सड़क दुर्घटना से गांव में मातम फैल गया वहीं ग्रामीणों में काफी रोष भी है।

# अतिनक्सल प्रभावित आदिवासी बाहुल्य ग्राम राशिमेटा, अडोरी, गंजेसरा, मंडवा पहुंचे कलेक्टर और एसपी

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (13सितंबर )आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान का




प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 सितम्बर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ जिले के दूरस्थ एवं आदिवासी बाहुल्य ग्राम राशिमेटा, अडोरी, गंजेसरा, मंडवा, बिठली पहुंचे थे और उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें मतदान का महत्व समझाया। इस दौरान बैहर एसडीएम विवेक केव्ही, सीईओ जनपद पंचायत बिरसा श्री सुरेश चन्द्र टेमने, तहसीलदार बिरसा राजू नामदेव एवं नायब तहसीलदार श्री धुर्वे भी उपस्थित थें।

बैगा जनजातीय बाहुल्य ग्राम राशिमेटा, अडोरी एवं गंजेसरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बताया गया कि विधानसभा चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम से कराया जायेगा। इस मशीन पर मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह के सामने वाली बटन दबाकर मतदान कर सकता है। मतदाता ने जिस चुनाव चिन्ह का बटन दबाया है उसी चिन्ह की पर्ची व्हीव्हीपेट मशीन में प्रिंट होगी। मतदाता इस पर्ची को देखकर सुनिश्चित कर सकता है कि उसका वोट उसके पसंद के उम्मीदवार के लिये ही पड़ा है। ग्रामीणों को बताया गया कि इस मशीन से डरने की कोई आवश्यकता नही है क्योंकि यह मशीन करेंट नही मारती है। कलेक्टर ने इस दौरान स्कूल के बच्चों से रूबरू होकर बैग आदि का वितरण किया।

# पशु चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान पर होगा खास ध्यान

इस संस्थान का मकसद अखिल भारतीय पशु चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एआईआईवीएस) भारत के पशुओं के स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी स्तर पर विकसित होने की



संभावना है. इसमें पशुओं के इलाज के लिए उन्नत और अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी, जिनमें सर्जरी, ऑफ्थैल्मोलॉजी, ऑथोर्पेडिक्स, एनेस्थेशिया, डायग्नोस्टिक सेवाएं, और अन्य विशेषज्ञ सेवाएं शामिल हो सकती हैं. यह संस्थान भारतीय पशुपालन उद्योग के विकास के साथ-साथ पशुओं के उपचार और बीमा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है.

# महिलाएं बोलीः कांग्रेस सरकार ने नहीं दिया ध्यान

# विधायक डॉ.बांधी के नेतृत्व मे अनुसूचित वर्ग सहित 100 से अधिक लोगो ने थामा भाजपा का दामन

समाज जागरण ब्यूरो

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के मस्तूरी मण्डल के ग्राम लिमतरा खपरी में सोमवार को विधायक बांधी के नेतृत्व में महिला समूह की महिलाओं सहित 100 से अधिक अनुसूचित जाति वर्ग के लोग बीजेपी में शामिल हो गए। इस दौरान विधायक बांधी ने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया विधायक बांधी ने इस मौके पर कहा कि जब किसी समाज या गांव के लोग निर्णय कर मुझ पर विश्वास करके जुड़ते हैं तो मेरी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है और जवाबदारी के साथ ग्राम व्यवस्था में काम करने का निर्णय लेना पड़ता है इससे गांव के प्रति प्रतिष्ठा और विश्वास पैदा होता है आपसी सामंजस बनता है गांव की एक जुटता से गांव का सम्मान और विश्वास बढ़ता है और राजनीतिक दृष्टिकोण से क्षेत्र की प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है

यदि आज महिलाओं ने इस तरह की एकजुटता दिखाई है तो निश्चित ही आने वाले समय में उन्हें इसका लाभ मिलेगा उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार और यहां के मुख्यमंत्री से यहां की जनता त्रस्त हो



गई है। आए दिन भ्रष्टाचार, बलात्कार, शराबखोरी, पुलिस के माध्यम से लोगों को परेशान करना, सट्टा, जुआ के केस बढ़ रहे हैं। जो माफिया बड़ी बड़ी मेट्रो सिटी में हुआ करते हैं वो माफिया अब छत्तीसगढ़ में दिख रहे हैं। उनका यहां राज चल रहा है। कोयला चोरी इन सब से पूरे छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त है। जनता ही नहीं अब कांग्रेस के कार्यकर्ता भी इससे त्रस्त हो गए हैं। जो कांग्रेसी दलाल प्रवृत्ति के हैं वो बढ़िया हैं, लेकिन जिनके मन में पार्टी के प्रति भावना था। जिनके मन में छत्तीसगढ़ और अपने क्षेत्र के प्रति भावना थी। वो टूट चुकी है और उसका प्रतिफल दिख रहा है कि वो लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी से नहीं मिला सम्मान

बीजेपी जॉइन करने वाले अमर टंडन ने कहा कि अनुसूचित जाति का विश्वास डाक्टर बाँधी पर बढ़ा है ग्राम लिमतरा के खपरी गांव में अनुसूचित जाति के महिला और युवा लोगों ने डॉक्टर बाँधी पर विश्वास करके भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कभी मान सम्मान नहीं दिया। जब भी नेताओ के समक्ष अपनी समस्या रखी थी उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इस दौरान महिला समूह की महिलाओं ने कहा कि बीजेपी केंद्र की भाजपा सरकार जन हितैशी योजनाएं चला रही है। उसका लाभ सभी लोगों को समान रूप से मिल हा है। इससे लोग प्रभावित हो रहे हैं। मस्तूरी विधायक डॉक्टर बंदी के संदर्भ में महिलाओं ने कहा कि हमारे विधायक पढ़े लिखे हैं उनके ज्ञान का लाभ हमेशा जनता को मिलता है और क्षेत्रवासियों के दुख दर्द में हमेशा शामिल होते है । हमें खुशी है कि हम ऐसे विधायक के साथ काम करेंगे

कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकताओं के साथ गलत व्यवहार कर रही है। यही कारण है कि मस्तूरी के सैकड़ों कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुए हैं। समरसता भोज का आयोजन सोमवार को भाजपा सदस्यता अभियान के उपरांत ग्राम लिमतरा खपरी में ही समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

## भाजपा में शामिल होने वालों की सूची

मुकेश स्वामी, जमुना गेंदले जीवन टंडन, फागुलाल कुर्रे भरवा सुमन राहुल कुर्रे घासीराम खन्ना नरेंद्र कुर्रे सुदामा टंडन, राजेंद्र टंडन राजकुमार गेंदले, चंदन खन्ना, निखिल टंडन, वीरेंद्र सुमन ,पवन टंडन, ज्ञानराज टंडन ,आर्यन गेंदले, समीर टंडन, गौरव टंडन, मीराबाई, प्रमिलाबाई, अनीता बाई ,रागनी कुर्रे तीजन बाई ,सरोजिनी कुर्रे ,बैसाखाबाई खन्ना, राधिका पटेल, सुनीता खन्ना ,लखन बाई सुमन मोहरमाती खन्ना, संजू सुमन ,दसोलाल कुर्रे ,योगेश टंडन चंद्रशेखर खन्ना सुखसागर टंडन विनोद कुर्रे लेखराम पटेल समारोह राजू टंडन विजय टंडन अशोक सुमन, नवीन टंडन ,कन्हैया बंजारे,

# सीपत पुलिस ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष चेकिंग अभियान में आरोपीगणों से 117 नग साडी.की जप्त

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख, ओम गोस्वामी

मस्तुरी/सीपत। आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह जिला बिलासपुर द्वारा सतत वाहन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके मद्देनजर मंगलवार को वाहन चेकिंग करने ग्राम मटियारी बेलतरा मोड के पास वाहन चेकिंग में वाहन मारूती ओमनी वेन क्र. एम. एच. 26 व्ही - 4855 को जो बिलासपुर की ओर से आ रही थी जिसे रोककर चेकिंग दौरान 117 नग साडी. किमती 23400रू को बिना वैध दस्तावेज के साथ परिवहन करते पाया गया। आरोपी अकफ खान पिता मोह. इस्लाम खान उम्र




19 वर्ष निवासी रंडा, खुर्द थाना सरदपुर जिला सीतापुर ( उ. प्र.) के कब्जे से 58 नग साडी.व आरोपी उमेर खान पिता जुबेर खान उम्र 20 वर्ष निवासी धरथरी थाना सरदपुर जिला सीतापुर (उ.प्र.) के कब्जे से 59 नग साडी. जप्त कर विधिवत धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, सउनि बृजमोहन कश्पय, आर.चन्द्रप्रकाश भारद्वाज, प्रदीप सोनी, विनोद केंवट ज्ञानेश्वर यादव, की विशेष भुमिका रही।

# दिल्ली के योगाश्रम में आयोजित ध्यान शिविर

समाज जागरण डेस्क

मंगलवार 12 सितम्बर को दिल्ली के योगाश्रम में ध्यान शिविर के आयोजन किया गया। जिसमे बहुत सारे योग साधकों ने हिस्सा लिया और जो लोग वहां उपस्थित नही हो पाए उन्होंने यूट्यूब से जुड़कर ध्यान के इस कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम को यूट्यूब पर देखने के लिए एक लिंक प्रदान किया गया। जिसके द्वारा घर पर रहकर इस कार्यक्रम



को देख सके। भारतीय योग संस्थान के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ध्यान के अलावा आसन तथा प्राणायाम के बारे में भी विशेष जानकारी दी गई । योग दिवस से पहले आयोजित इस कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण अभ्यास की तरह देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में नोएडा के सभी जिले से योग साधकों ने भाग लिया।

## स्वास्थ्य सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जनहित में सरकार के माध्यम से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा हेतु मेडिकल टीम की बैठक मंगलवार को पीएचसी परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। बैठक में मौजूद लोगों से जानकारी प्राप्त करते हुए एक सप्ताह में प्रसव की स्थिति,टीकाकरण व बंध्याकरण की स्थितिएमएसबी,कॉपर टी,मालाडी,पीपीआई कीट समेत सरकार द्वारा जनहित में चलाये जाने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का क्लीनिकल रिव्यू किया गया।पीएचसी में साफ-सफाई व मेडिकल सुविधाओं की स्थिति समेत प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा के तहत डोर टू डोर चलाए जा रहे कार्यक्रम की



जानकारी ली गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि 20 सितम्बर से 14 दिनों तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए क्षेत्र अन्तर्गत कुल 13632 घरों के दरवाजे खटखटाये जायेंगे। आशा के माध्यम से एल्बेंडाजोल एवं फाइलेरिया की दवाई खिलाई जायेगी।सभी एनएम, एएनएम समेत स्वास्थ्य कर्मियों को क्षेत्र अंतर्गत सरकार के सेवाओं को ठीक तरीके से दुरुस्त करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किया गया। मौके पर डा सुशिल कुमार, बीसी मुकेश कुमार,अकाउंटेंट विनोद द्विवेदी, मेडिकल टीम को टेक्निकल सपोर्ट हेतु प्रतिनियुक्त केयर इंडिया के डॉक्टर अर्जुन कुमार,कर्मी नवीन गौतम जीएनएम रीमा कुमारी, एनएम,एएनएम व आशा मौजूद रहे।

## नगर वासियों ने जल जमाव से परेशान होकर किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

मंगलवार के दिन कोचस नगर पंचायत के ग्रामीणों ने जल जमाव से त्रस्त हो सड़क पर खड़े हो विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन में मौजूद लोगों ने कहा कि 1 साल से ग्रसित इस मोहल्ले के लोगों ने सरकारी नगर दफ्तर से लेकर कई नेताओं तक इस समस्या की जानकारी आवेदन के माध्यम से दी गई लेकिन आज तक किसी के द्वारा इस पर ख्याल नहीं रखा गया। वही पूर्व पार्षद मुन्ना पासवान ने बताया कि जल जमाव तथा सफाई की समस्या जस की तस बनी हुई है जबकि सफाई कर्मियों के द्वारा



गली का साफ सफाई भी नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर 6 व 12 वार्ड के लोगो मे काफी आक्रोश देखने को मिल रही है। इस संदर्भ में कई बार नगर पंचायत कोचस के ईओ के यहां इसकी जानकारी आवदेन के माध्यम से दी गई लेकिन अभी तक उनके द्वारा इस समस्या को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया। मौके पर सत्येंद्र सिंह, सतनारायण सिंह, सुरेंद्र दुबे, रामप्रवेश, ईलियास संसारी, मास्टर साहब, मुन्ना पासवान, चंद्र प्रकाश सिंह कुशवाहा, विनोद केसरी, उत्तम कुमार, मुन्ना कुशवाहा, शीला कुवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो अक्टूबर को मैराथन दौड़ का किया जाएगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह, नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा नगर परिषद में मौके पर सासाराम के स्वच्छता आइकॉन अंकुस राज व कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। नगर परिषद नोखा के द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी के तहत इस मैराथन दौड़ का आयोजन दो अक्टूबर को किया जाएगा। जिसको लेकर के नगर परिषद कार्यालय में मगलवार को बैठक की गई। जिसमें दो महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का अवसर पर मैराथन दौड़ कार्यक्रम कराया जाएगा। इस बैठक में नगर परिषद के मुख्य पार्षद राधेश्याम सिह,उप सभापति धनजी सिंह,नगर कार्यपालक




पदाधिकारी अमित कुमार की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि दो अक्टूबर को सुबह 5:00 बजे ईश्वर दयाल भागवत प्रसाद सिंह महाविद्यालय से शुरू किया जाएगा। जो नगर परिषद कार्यालय में इसका समापन किया जाएगा। बैठक में 16 साल से ऊपर के सभी युवा भाग ले सकते है। जिन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। वही नगर परिषद कार्यालय में भाग लेने वाले युवाओं को आधार कार्ड की छत्रपति नगर परिषद में जमा करना होगा। जो 25 सितंबर तक ली जाएगी। प्रचार प्रसार करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही गई। बैठक में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह,राजू तिवारी,विजय पटेल,ओम प्रकाश चौधरी,अशोक चौधरी,अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## युवक की मौत में सात नामजद , पिता ने कराई प्राथमिकी

### *इस घटना ने हत्या की तरफ लिया मोड़*

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र के गड़ूरा गांव के समीप राजपुर मार्ग पर बीते दिन रविवार की रात मिले जख्मी हालत में युवक के मौत के बाद इस घटना ने हत्या की तरफ मोड़ ले लिया। स्वजनों द्वारा इस हत्या करार दिया गया है। सोमवार की देर शाम पिता धनजी सिंह द्वारा स्थानीय थाने में प्राथमिकी कराई गयी है। प्राथमिक में सात लोग नामजद हैं। आवेदन के आधार पर पुलिस अनुसंधान भी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा सोमवार को आवेदन के आधार पर प्राथमिकी कर ली गई है। युवक की हुई हत्या मामले में गड़ूरा गांव के सात लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में पिता का कहना है कि रात में मेरे बेटे जयप्रकाश को फोन कर राजपुर मार्ग में बुलाया गया। जहां मारपीट के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई।मामला को ले हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है। सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है, गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## आत्मा अध्यक्ष किसान अर्जुन सिंह को राष्ट्रपति ने प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित, किसानों में खुशी की लहर

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संझौली प्रखंड के अमेठी गांव के किसान आत्मा अध्यक्ष अर्जुन सिंह जो कि धान, टमाटर और लौकी की किस्मों का संरक्षण करने, विशेष रूप से धान नटकी किस्म पहले ही (PPVFRA) में पंजीकृत हो चुकी है। जबकि हल्दी किस्म में पंजीकरण के पूर्व चरण में है। उन्होंने इंटर क्रॉपिंग, मिक्स्ड क्रॉपिंग को अपनाया है। हरी खाद, बंजर भूमि प्रबंधन, मिट्टी और जल प्रबंधन, संरक्षित खेती, वर्षा जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, जीरो टिलेज व धान में चावल गहनता प्रणाली को अपनाया है। अध्यक्ष ने एक टमाटर विपणन केंद्र



विकसित किया है जिससे स्थानीय किसानों को लाभ हुआ है। प्लांट जीनोम सेवियर किसान पुरस्कार जिसमें रुपये का नकद पुरस्कार 1.5 लाख शामिल है। आत्मा अध्यक्ष को आज मंगलवार को किसान किस्मों के विकास, कृषि तकनीकों के संरक्षण, प्रचार-प्रसार व विस्तार गतिविधियों के लिए प्रजनक के रूप में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जो एक समारोह में सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम, एनएएससी कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में आयोजित कर किसान अधिकारों पर वैश्विक संगोष्ठी के दौरान दिया गया।

## पर्यवेक्षकों के द्वारा जाति गणना रिपोर्ट की हो रही अंतिम समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण संझौली, रोहतास**

जाति गणना का कार्य समाप्ति के उपरांत पर्यवेक्षकों के रिपोर्ट को अधिकारी की टीम समीक्षा कर रही है। बीडीओ मोहम्मद सैय्यद सरफराजुद्दीन अहमद ने बताया कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को विजागा मोबाइल ऐप की रिपोर्ट से अधिकारी की टीम मिलान कर अंतिम रूप देने में जुटी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में जाति आधारित गणना के प्रगणक द्वारा किये गये सर्वेक्षण में प्राप्त डाटा का रैंडम सत्यापन करने हेतू पंचायत स्तर पर प्रवेक्षकों की नियुक्ती की गई। जिसमें अमैठी पंचायत में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह, चांदी इंग्लिश पंचायत में पंचायत तकनीकी सहायक दिनारा मो. शमशाद आलम, करमैनी पंचायत में राजस्व अधिकारी काराकाट जितेंद्र कुमार, मझौली पंचायत में प्रखंड सहायक पदाधिकारी काराकाट अनुज कुमार, उदयपुर पंचायत में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नैन्सी कुमारी व संझौली पंचायत में प्रखंड समन्यवक सूर्यपुरा अमित कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया। जिसमे सभी पर्यवेक्षकों ने जाति गणना का रिपोर्ट का मिलान किया। पर्यवेक्षक के द्वारा जाती गड़ना का अंतिम रिपोर्ट समीक्षा की तैयारी चल रही है।

## सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मां ताराचंडी धाम के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बताया जाता है कि डेहरी के लाला मोहल्ला निवासी चंदन कुमार बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर गलत दिशा से आ रहे एक कंटेनर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए परिजन नीरज सिंह ने बताया कि डेहरी निवासी चंदन कुमार अपने बाइक पर सवार होकर सासाराम शहर से वापस डेहरी जा रहे थे। तभी गलत दिशा से आ रही गाड़ी की चपेट में आने से वह बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए जमुहार स्थित नारायण मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सासाराम के सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है। जबकि इस घटना को लेकर परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है तथा सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## हल्का कर्मचारी का कार्यालय ढूंढ रही है जनता

### *अंचल कार्यालय में बैठने के लिए नहीं मिला है कोई कमरा*

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

राजपुर प्रखंड अंतर्गत कुल आठ पंचायतों के रैयतों के कार्य के लिए अंचल कार्यालय में सरकार द्वारा तीन हल्का कर्मचारी प्रतिनियुक्ति किया गया हैं।अंचल कार्यालय ने सभी को दो से तीन पंचायत के रैयतों का कार्य देखने के लिए लगा रखा है। शनि कुमार सोनी मंगरवलिया,बरना व रोतवा,सत्यनारायण साह राजपुर व बरांव एवं कुन्दन कुमार साह राजनडिह,सियांवक व पडरिया पंचायत का हल्का कर्मचारी बनाये गए हैं।अंचल में बैठने के लिए अभी तक इन्हे कार्यालय ने कोई कमरा नहीं मुहैया कराया है। जिस कारण ये घूमते रहते हैं।कौन कर्मचारी कहां मिलेगा यह किसी को पता नहीं होता ? ऐसे में जनता इन्हें ढूंढती रहती है। अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज एवं खाता खेसरा ऑनलाइन के लिए परेशान बघैला गांव निवासी नकुल पासवान,रोतवा के दूधनाथ गिरी,पकड़ी के अंजनी तिवारी,श्री भगवान तिवारी समेत अन्य ने बताया कि अंचल कार्यालय में सीओ व राजस्व पदाधिकारी बैठते हैं। जहां से रैयत संबंधी समस्याओं का निदान होता है.पंचायतों के लिए प्रतिनियुक्त हल्का कर्मचारी को भी अंचल कार्यालय में हीं कोई कमरा प्रदान कर प्रतिदिन ड्यूटी पर तैनात रखा जाना चाहिए। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविराज ने बताया कि हल्का कर्मियों को उनके निर्धारित पंचायत के सरकार भवन पर बैठने हेतु चिट्ठी निकली जा रही है। आंचल में उनकी जरूरत होने पर पत्र प्रदान कर उन्हें बुलाया जाएगा।

## संदिग्ध अवस्था में मिली खेत से किसान का शव

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के कुर्सा गांव में एक 75 वर्षीय किसान का शव उसी के खेत से संदिग्ध स्थिति मे बरामद हुआ है। मृतक कुर्सा निवासी स्वर्गीय सुखदेव पांडे का 75 वर्षीय पुत्र शरजू पांडे बताये जाते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सरजू पांडे 3 दिन पूर्व अपने खेत की तरफ घूमने निकले थे जहां वापस अपने घर लौटे नही। वही उन्हीं के गांव के ग्रामीणों ने अपने खेत में लगे धान में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने पहुंचे तो देखा कि खेत में शव पड़ा हुआ है। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने गांव




के लोगों को दी जिसमे देखते-देखते यह खबर जंगल मे लगी आग की तरफ आस पास के गावो मे तक फैल गई। ग्रामीणों की माने तो मृतक का शादी नहीं हुआ था तथा इनका कोई पाटीदार गांव में नहीं रहता था। ये एक अत्यंत गरीब किस्म के ब्राह्मण थे जो अपना गुजर बसर कर आपना जीवपार्जन करते थे। ग्रामीणों के सहयोग के बाद उनके शव को दफनाने तथा अंतिम संस्कार करने की तैयारी उक्त गांव में चल रही है। प्रथम दृष्टिया कोड ग्रामीणों के अनुसार सूरज पांडे की मौत खेत मे गिर जाने की वजह से हुई है, इनको कहीं कोई सही समय पर उपचार नहीं मिला जिस वजह से इन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं उनकी मृत्यु उपरांत गांव में मातम पसरा हुआ है।

## सर्प काटने से हुई एक 50 वर्षीय महिला की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के मोथा पंचायत अंतर्गत पिपरा गांव में सांप काटने से मंगलवार को एक महिला की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोथा निवासी स्वर्गीय भोला सिंह यादव की 50 वर्षीय पत्नी रेशमी देवी अपने घर में सोई हुई थी कि एक जहरीला सांप आकर के उसे डस लिया। आनन फानन में महिला के परिजन झाड़-फूंक करने के लिए डेहरी-ऑन-सोन ले गए। जब महिला की स्थिति गंभीर होने लगी तो परिजन उसे डेहरी



अनुमंडल अस्पताल में लेकर गए। डॉक्टर स्थिति को देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका का दो लड़का और तीन लड़की है। तीनों लड़की की शादी हो गई है। लड़का का भी शादी हो गई है। समाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार सिंह यादव, सुरेश यादव सहित कई लोगों ने सांप के काटने के कारण महिला की हुई मौत की घटना पर दुःख जताते हुए मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए की मुआवजा देने की मांग की है।

## महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार,अल्टो कार जब्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के राजपुर नोखा पथ पर जगदीशपुर गांव के पास छह लीटर महुआ शराब के साथ अल्टो चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वहीं धंधे में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि गस्ती पर निकली पुलिस को देखते ही अल्टो चालक कार को मोड़कर तेजी से भागने लगा। जिसे शक के आधार पर पुलिस द्वारा पीछा करते हुए गाड़ी को रोक कर तलाशी ली गई। जहां तलाशी के क्रम में छह लीटर महुआ शराब के साथ अल्टो चालक जगदीशपुर निवासी लाली सिंह के पुत्र उपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं धंधे में प्रयुक्त अल्टो कार बीआर 02 एन/8771 को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बिहार राज्य मद्य निषेध 2018 के अधिनियम के तहत प्राथमिकी करते हुए चालक को न्यायालय भेज दिया।

## दहेज प्रताड़ना और मारपीट के आरोप में पति सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

दहेज के लिए प्रताड़ित और मारपीट करने वालों के खिलाफ रोहतास जिले के नटवार थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। महिला की शिकायत पर ससुराल पक्ष के तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि शिकायतकर्ता थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी पुजा कुमारी ने अपने पति राहुल सिंह, देवर एवं सास के विरुद्ध थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। वादी द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि मेरा पति,देवर एवं सास दहेज के ऐवज में शादी के बाद भी और पैसे के लिए मांग करते हुए मेरे साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं।मांग पूरी न हो पाने से मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता हैं।थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नोनहर में 12 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर रोहतास जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने प्रखंड क्षेत्र के नोनहर में 12 दिवसीय सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण का उद्घाटन एसडीएम उपेन्द्र कुमार पाल की उपस्थिति में पंचायत के मुखिया आभा कुमारी ने फीता काट कर किया। एसडीएम ने इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए तैराकी प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से बताया। कहा कि 12 दिवसीय इस प्रशिक्षण में 6 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे शामिल होंगे। तैराकी का अल्प ज्ञान रखने वाले बच्चों को तैराकी का उन्नत ज्ञान व कौशल तथा जीवन रक्षा तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन से डूबने से होने वाली मौतों में कमी आयेगी।



यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और सरकारी एवं सामुदायिक भागीदारी से सफलता पूर्वक चलाया जा सकता है। मुखिया आभा कुमारी ने प्रशिक्षण में पंचायत की ओर से हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ने कहा कि पंचायत के सभी गांवों से बच्चे इसमें शामिल होंगे। गया से चलकर आये प्रशिक्षक राहुल कुमार, मृत्युंजय कुमार,ब्रजेश कुमार और सुनील कुमार ने पहले दिन कुछ बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया। साथ हीं प्रशिक्षण में भाग लेने के संबंध में जानकारी दी। मौके पर बीडीओ अमित प्रताप सिंह,सीओ आलोक चंद्र रंजन,आरओ पल्लवी कुमारी,केवल राज उर्फ मिक्की राज मेहता,संजय सिंह कर्मयोगी, डब्लू पासवान,स्वच्छता पर्यवेक्षक अरबिंद पासवान,स्वच्छता कर्मी श्रवण कुमार,संतोष पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेल लाइन की चोरी में शामिल फरार अभियुक्त जेसीबी मालिक को रेलवे सुरक्षा बल ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी आन सोन रोहतास**

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन क्षेत्राधिकार में चार अगस्त को करवंदिया स्टेशन से पश्चिम पहाड़ में जाने वाली रेल लाइन की चोरी का मामला प्रकाश में आते ही रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की रेलवे संपत्ति को बरामद कर लिया था, किंतु मामले में संलिप्त अपराधी घनी झाड़ियों का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया था ।जिसके संबंध में फरार अभियुक्तों की पहचान कर संबंधित धारा में मामला पंजीकृत किया गया था। मामले की जांच के क्रम में निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन व अपराध आसूचना शाखा गया के टीम के द्वारा फरार अपराधियों की पतारसी व सुरागरसी करते हुए उनके निवास स्थान पर समय समय पर दबिश दी जा रही थी। बार- बार दिए जा रहे दबिश के डर से मामले में फरार अभियुक्त जेसीबी मालिक अनिल सिंह उर्फ अनिल चौधरी उम्र करीब 55 वर्ष पिता- स्व0 रामनारायण सिंह ग्राम-वजिरगंज वार्ड संख्य नं 3 थाना ओ.पी. करवंदिया जिला- रोहतास के निवासी को अपने जेसीबी के साथ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन पर आत्मसमर्पण किया एवं मामले में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। मौके की विधिक कार्यवाही के बाद गवाहों की उपस्थिति में उसे उसका दोष बताते हुए , निरीक्षक राम विलास राम द्वारा मौके पर ही गिरफ्तारी मेमो तैयार कर गिरफ्तार किया गया एवं मामले में प्रयुक्त जेसीबी को भी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए जब्त कर लिया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी गया के समक्ष कागजात प्रस्तुत किया गया जहां उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले के संबंध में फरार 06 अभियुक्तों रोहित चौधरी, मनोज चौधरी, विजय चौधरी उर्फ छांगुर चौधरी , सुनील कुमार उर्फ राजा कोल, राहुल चौहान उर्फ राहुल चौधरी एवं अमित पासी की गिरफ्तारी पुलिस के द्वारा पूर्व में की जा चुकी है।

## तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित हो पलटी बाइक सवार महिला का पैर टूटा, रेफर

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

सोमवार के दिन संध्या में एक अनियंत्रित बाइक से गिर 40 वर्षीय महिला की पैर टूट गई। महिला की पहचान पियरो निवासी मुकेश कुमार की 40 वर्षीय पत्नी बबीता देवी के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि महिला बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां आई थी की वापस अपने घर लौटे के दौरान कोचस नगर पंचायत के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा घायल महिला को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने दाहिना पैर टूटने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

## भगवान श्रीकृष्ण का धूमधाम से मनाया गया छठी उत्सव प्रतिनिधि

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत राजपुर प्रखंड के भलुआही गांव में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव गाजे बाजे के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी से आरम्भ हो छः दिन तक चले इस कार्यक्रम के समापन पर भणडारे का आयोजन हुआ। जहां सैकड़ो लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया. ग्रामीणों ने बताया कि वेद मर्मज्ञ आधा दर्जन पंडितों ने बैदिक मंत्रोच्चार के साथ छः दिनों तक विधि विधान से पूजन किया। कार्यक्रम को संचालित कर रहे गांव के समाजसेवी रामजीत पाण्डेय,गोपाल पाण्डेय समेत अन्य बताया कि सदियों से ये परंपरा चली आ रही है.इस अवसर पर शिव शंकर पाण्डेय,रामजी पाण्डेय,मुकुल,अजय किशोर अप्पू सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यायालय के पांच वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर थाने की पुलिस ने अलग-अलग गांवों से विभिन्न मामलों में न्यायालय के एनबीडब्ल्यू एवं कुर्की के पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी दारेखाप गांव निवासी कुर्की जब्ती के कामेश्वर पाण्डेय उर्फ कुनकुन पाण्डेय,छोटन पासवान,ददन पासवान दोनों बलिगांव निवासी व अमाडी के दिनेश कुमार एवं राजनडिह के ललन पासी को गिरफ्तार न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

## अपर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी स्थानांतरण एवं पदोन्नति, मिली बघैला थाना

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय पास स्थित काराकाट थाना परिसर में अपर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी के स्थानांतरण एवं पदोन्नति हुई जिसपर क्रमशः विदाई और बधाइयां मिली। वक्ताओं ने अपर थानाध्यक्ष के कार्यकाल को सराहा। जानकारी हो की नेहा कुमारी 2021 से अबतक का कार्यकाल ना सिर्फ सराहनीय, दिलेरी भरा भी रहा। अब पदोन्नति के बाद उन्हें बघैला थाना अध्यक्ष बनाया गया है जिसके लिए उन्हें हजारों बधाइयां मिल रही हैं वही प्रखंड से समाजसेवी पिंटू सिंह,



कांग्रेस नेता गोपाल तिवारी, भाजपा नगराध्यक्ष बिनोद पासवान, पिन्टू कुमार, मनीष तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी, लाला यादव के साथ कई लोगों ने दी बधाइयां।

## जालसाजी को लेकर कराई गई प्राथमिकी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के नटवार कला निवासी अनिल कुमार सिंह ने जालसाजी को लेकर प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि वादी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि नेहा कुमारी नाम की एक अनजान लड़की ने रिश्तेदार बनकर 7860892128,7488696172 तथा 9117124463 मोबाइल नंबरों से कॉल करके दवा कराने के लिए 20 हजार रुपए की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में वादी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर जालसाजी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय जनता पार्टी का बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला के चेनारी अंतर्गत माया गेस्ट हाउस में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल का बैठक हुआ। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए नये पंचायत के संयोजक चयन आम सहमति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह यादव ने किया व संचालन अवनीश कुमार तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय शुक्ला,मुक्ति नारायण तिवारी, मनोज जायसवाल,राहुल पासवान,ज्योति कुमार श्रीवास्तव,गुप्त नाथ उपाध्याय, अनुपम चौबे आदि लोग उपस्थित थे।

## सात दो पहिया वाहन से 35 सौ रुपए जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत भानस ओपी थाना क्षेत्र के बेलवैयां चौक पर वाहन चेकिंग लगाया गया जिसमें सात दोपहिया वाहनों से 35 सौ रुपए जुमार्ना वसूला गया। ओपी प्रभारी गुड़िया कुमारी ने बताया कि पुलिस कप्तान विनीत कुमार के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सात दो पहिया वाहनों से 35 सौ रुपए जुमार्ना लगाया गया।

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दिनारा बाजार स्थित एक घर पर छापेमारी की जहां से पुलिस ने 46 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया।मौके से पुलिस ने धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि दिनारा निवासी रामाधार पासवान के पुत्र मनोज पासवान को शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। और उक्त के घर से एटपीएम 180 एम एल के 36 पीस तथा 200 एमएल के 18 पीस ब्लू लाइम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। वहीं पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार युवक को कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेज दिया है।

## फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की देर शाम एक फरार प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास ने बताया कि मोहनिया गांव से मारपीट व आर्म्स एक्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्त विजय सिंह पिता स्व. हीरा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। यह अभियुक्त पूर्व के मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के उपर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा पदाधिकारियों की टीम का होगा गठन

# आमआदमी पार्टी हरियाणा में गाँव और बूथ स्तर पर डेढ माह के भीतर करेगी पदाधिकारियों की नियुक्तियाँ - सुशील गुप्ता

**विनोद कश्यप प्रभारी**

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक भी मौजूद रहे। वहीं प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा के साथ हरियाणा से सचिव स्तर के पदाधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया। इसमें आगामी दिनों में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की।

### पार्टी का परिवार जोड़ो अभियान

प्रदेश में परिवार जोड़ो अभियान को लेकर भी पार्टी की रणनीति साझा की। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि आम आदमी पार्टी का संगठन गांव और बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति आगामी डेढ़ माह में की जाएगी। इसको लेकर प्रदेश में चल रही तैयारियों की जानकारी साझा गई। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से हरियाणा में आने के लिए समय मांगा गया। वहीं परिवार जोड़ो अभियान को लेकर भी प्रदेश के हर विधानसभा में चल रही तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

### पार्टी का सफल रहा बिजली आन्दोलन

डॉ. अशोक तंवर ने प्रदेश में आम आदमी पार्टी के सफल बिजली आंदोलन को लेकर चर्चा की। वहीं उन्होंने बताया कि जल्द ही आगामी बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार को लेकर परिवार जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने हरियाणा के पार्टी के मजबूत संगठन और 2 लाख से ज्यादा पदाधिकारियों की टीम गठित करने को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि डेढ़ माह में प्रदेश के हर गांव के प्रत्येक बूथ पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी नियुक्त होंगे।

उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी का बिजली आंदोलन प्रदेश के प्रत्येक घर तक पहुंचा। वहीं दिल्ली और पंजाब के बिजली उपभोक्ताओं को फ्री में बिजली और 24 घंटे बिजली की चर्चा आज पूरे हरियाणा में है। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा की जनता भी फ्री और 24 घंटे बिजली चाहती है। हरियाणा की जनता अब खट्टर सरकार से छुटकारा चाहती है।

उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार से विपक्षी पार्टियां में भी जबरदस्त उथल पुथल है। जहां एक तरफ आम आदमी पार्टी का संगठन रोजाना मजबूत हो रहा है। वहीं कांग्रेस में पदों को लेकर नेता आपस में लड़ झगड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की जनता को एक ईमानदार और मजबूत विकल्प दिया। अब दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा और सरकारी अस्पतालों में फ्री और बेहतर इलाज मिलेगा।

# हरियाणा पुलिस ने नशा तस्कर चाचा- भतीजे को किया गिरफ्तार

## साढ़े 10 किलोग्राम अफीम हुई कब्जे से बरामद, पिछले 20 साल से धंधा में थे लिप्त

**विनोद कश्यप दैनिक समाज जागरण हरियाणा स्टेट हैड**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा में सिरसा जिले की सीआईए पुलिस टीम ने नशा तस्करी करने वाले चाचा-भतीजे की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने नशा तस्कर चाचा-भतीजे से करीब दस किलो 500 ग्राम अफीम बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों पिछले करीब 20 सालों से नशा तस्करी का धंधा कर रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा बरामद की गई अफीम की कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई जा रही है।आरोपित नशा तस्कर छिंद्रपाल उर्फ केवल व उसका भतीजा यादविन्द्र सिंह गांव मल्लेकां के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपित चाचा भतीजा से पूछताछ के बाद प्रदेश भर में फैले नशा तस्करों के नेटवर्क का राज खुलेगा। उसके साथ ही अन्य नशा तस्कर भी पुलिस की गिरफ्त में आएंगे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सिरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीब 21 लाख रुपये की 10 किलो 500 ग्राम अफीम के साथ गांव मल्लेकां निवासी छिंद्रपाल उर्फ केवल व उसके भतीजे यादविन्द्र सिंह को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

# कांग्रेस उच्च कमॉन हरियाणा में निष्पक्ष संगठन का गठन खड़ा करने में जुटी - भूपेन्द्र सिंह हुड्डा



**विनोद कश्यप प्रभारी**

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बर : हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कंधे से कंधा मिलाकर चलने और सभी कांग्रेस विरोधी पार्टियों को पटखनी देकर कांग्रेस को सत्ता में लाने की योजना को अंजाम देना है। इसके लिए चाहे सैलजा, रणदीप, किरण और भूपेन्द्र हुड्डा क्यों न हों, सब मिलकर काम करने के लिए एकजुट हैं।

### भारत जोड़ो यात्रा में सैलजा, रणदीप,किरण और दीपेन्द्र दक्षिण से उत्तर हरियाणा में रहे हमारे साथ एकजुट

प्रदेश में पार्टी के बड़े या छोटे नेताओं और कार्यकताओं में कोई मतभेद नहीं है। अगर ऐसा होता तो वो पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गाँधी जी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान साफ झलक जाता। यहाँ पार्टी में कोई धड़ेबंदी नहीं। यह बात हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एक भेंट में कही।

भूपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि वो जमाना लद गया है जब प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी झलकती थी। कुछ इलाकों के पार्टी में छोटे- मोटे नेताओं के मन में अपने हल्का के बड़े नेताओं को पार्टी अध्यक्ष या मुख्यमंत्री बनाने की चाहत होता है। होना भी चाहिए, क्योंकि वो बड़ा लीडर बनने की चाह में अपने हल्का के कार्यकताओं के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देना उनका फर्ज है।

### छोटे नेताओं और कार्यकताओं की रहती है अपने लीडर को आगे देखने की चाहत

उन्होंने कहा कि ये छोटे नेता और कार्यकर्ता सरकार और लोगों के बीच अपनी पकड़ बनाने के लिए हर तरीके का हथकंडा अपनाने से गुरेज नहीं करते। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि निःसंदेह ऐसे कार्यकर्ता अनेकों बार उलटे कारनामे करके अपने लीडर का भरोसा जीत कर अनेकों गलत काम भी करवाने से नहीं चूकते। नेता भी कई बार ऑख मूंदकर उनकी चाहतें पूरी करते हैं। क्योंकि ऐसों के साथ हर नीयत के लोगों का जुड़ाव होना आम बात है। ऐसे लोग चाहे वो मुझे आगे रखना चाहते हैं या किसी दूसरे को, उसके पक्ष में नारेबाजी और झड़प तो क्या? पता नहीं क्या-क्या ऊटपटांग हरकत कर देते हैं, तब उस नेता के लिए उनकी तो दूर अपनी प्रतिष्ठा बचाने की पड़ती है। कुछेक पार्टियों में तो मारकर तक मच जाना आम बात है।ऐसा आपको कांग्रेस में देखने को नहीं मिलेगा।

### पार्टी की नीतियों में विश्वास रखने वाले सभी नेता बराबर

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों में जिसका भरोसा है उसके लिए पार्टी के सभी नेता बराबर हैं। क्योंकि नेता को अपने हल्का के लोगों की भावना और इच्छा का पता है। कांग्रेस में गाँव से लेकर जिला तक संगठन के पदाधिकारियों के बीच ऐसे कार्यों के सहमति बनती है कि किस हल्के का काम कब किया जाए।

### कांग्रेस में बड़े नेताओं को बड़ा पद देने की रीति

हरियाणा में कांग्रेस पार्टी का पिछला इतिहास देखोगे तो पता चलता है कि हर बड़े नेता को किसी ऊंचे पद पर आसीन किया जाता है। पार्टी के ऐसे नेताओं की साख देखकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के ओहदे सौंपकर सम्मान दिया जाता है। रणदीप सुरजेवाला और सैलजा को पार्टी ने दूसरे प्रदेशों में कांग्रेस प्रभारी बनाया है। यूपी और बिहार में दीपेन्द्र ने पार्टी के वक्त की माँग और पार्टी की जरूरत के अनुसार काम किए। इसलिए कि 2024 के चुनावों में कांग्रेस फिर से सत्ता में लौटे। देश और हर प्रदेश वासी आज कांग्रेस को सत्ता में लाने की चाह रखे हुए है।

**प्रदेश कांग्रेस में नहीं है धड़ेबंदी**

हरेक पार्टी नेता की अपने समर्थकों को अधिमान दिलाने की होती है चाहत

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी के भारत जोड़ो अभियान में नहीं थी गुटबाजी- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

### कांग्रेस हाई कमॉन पार्टी में हरेक पद पर बारीकी से मंथन के बाद नियुक्ति का सिलसिला

हरियाणा कांग्रेस को लम्बे समय से प्रदेश में प्रभारी और अध्यक्ष नहीं होने की बात खल रही थी। हाई कमॉन ने दीपक बाबरिया और उदयभान को अपनी इच्छा से पद सौंपे हैं। कुछ कहते हैं कि जो- जो नाम मैंने हाई कमॉन को सुझाए, पार्टी ने उन पर ही मोहर लगाई। ऐसा नहीं है। अब तक जितनी भी नियुक्तियाँ हुई,सब पर बारीकी से मंथन करने के बाद ही की गई हैं। आम सहमति से पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को जिम्मेदारी सौपी गई। उनके दम पर पार्टी ने हि. प्र. और कर्नाटक जैसे राज्यों में कांग्रेस का झंडा बुलंद हुआ।

### कांग्रेस पार्टी है एक परिवार और परिवार में झगड़ा प्रकृति का नियम

हर कोई जानता है कि कुछ मामलों में हर परिवार में झगड़ा हो जाता है। कहीं बाप से बेटा नाराज हो जाता है, तो कहीं छोटे और बड़े भाईयों , बहन- भाई की आपस में नहीं बनती। कांग्रेस पार्टी है एक परिवार और परिवार में ऐसा झगड़ा तो है प्रकृति का नियम है।

पार्टी हाई कमॉन और प्रदेश प्रभारी श्री दीपक बाबरिया की ओर से हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी संगठन तैयार करने के लिए जो समन्वयक बनाकर पार्टी की वस्तु स्थिति का आकलन करने के लिए भेजे गए उस बारे में मुझ पर आरोप मढ़ने की बजाय संगठन के लिए तैयार हो रही सूची पर गौर करने के बाद ही कुछ कहना उचित है। अगर कहीं किसी को खपाने में चूक हो भी गई तो हो सकता है, उसे कहीं अन्य जगह एडजस्ट करना हो। इसलिए उचित है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के संगठन को लेकर किसी प्रकार का द्वेष न पाला जाए और केंद्रीय नेतृत्व के अनुसार चलेंगे तो सफलता निश्चित है।

# हरियाणा में 2024 के लोकसभा चुनाव 'इन्डिया' गठबंधन में शामिल होने और चुनाव लड़ने को उत्सुक हैं भाजपा विरोधी विभिन्न पार्टियों के नेता



**विनोद कश्यप प्रभारी**

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, 12 सितम्बरः लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सियासी दलों के बीच तैयारी चरम पर है। अगर ' इन्डिया' की बात करें तो दिल्ली और पंजाब के बाद अब हरियाणा में भी टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की राह सहयोगी दलों से तालमेल को लेकर आसान नहीं है । ऐसा इसलिए कि कांग्रेस की हरियाणा इकाई के अगुवा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सांसद व उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा की तैयारी प्रदेश की सभी 10 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की है। हरियाणा में इस माह के अंत तक टिकट बंटवारा और पेचीदा होने की संभावना है। 25 सितंबर को देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की जयंती है। इस बात के कयाय लगाए जा रहे हैं कि 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले देवीलाल की पार्टी इंडियन नेशनल लोक दल उनकी 110वीं जयंती के मौके पर 'इन्डिया' में शामिल होने की घोषणा कर सकती है।

ऐसा होता है तो 'इन्डिया' में हरियाणा के 10 सीटों के बंटवारे पर घमासान मच सकता है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख धरा सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयारी में जुटी है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे के दबाव में अगर सहयोगी दलों के साथ लड़ने के लिए प्रदेश इकाई को समझौता करना भी पड़ा तो कांग्रेस सोनीपत, रोहतक, भिवानी- महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, अंबाला पांच सीटों पर किसी से समझौता नहीं करने को तैयार नहीं होगी। कैथल सीट से साल 2019 में गांधी परिवार के करीबी नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला चुनाव लड़े थे। कांग्रेस इस सीट को भी छोड़ना पसंद नहीं करेगी। वैसे भी कांग्रेस की स्थिति हरियाणा में इस बार पहले से बेहतर है। ऐसे में कांग्रेस का अपने सहयोगी दलों की पसंद की लोकसभा सीटों को छोड़ने की संभावना न के बराबर है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधानसभा चुनाव को लेकर बार-बार कह रहे हैं कि कांग्रेस को किसी भी दल के साथ गठबंधन की जरूरत नहीं है। लोकसभा चुनाव 2019 में सोनीपत से भूपेंद्र सिंह हुड्डा लड़ चुके हैं। उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा रोहतक, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा अंबाला, किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी महेंद्रगढ़-भिवानी और कैप्टन अजय यादव गुरुग्राम से चुनाव लड़ चुके हैं। ये लोग अपनी-अपनी सीट किसी भी सूरत में छोड़ने के लिए तैयार नहीं होंगी। वैसे अजय सिंह यादव ने इस बार चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। खास बात यह है कि ये भी लोग हरियाणा के प्रमुख सियासी परिवारों से भी ताल्लुक रखते हैं।

### आप का 5 सीटों पर चुनाव लड़ने के संकेत

जानकारी के मुताबिक किसी भी लोकसभा सीट पर जनाधार नहीं होने के बावजूद आम आदमी पार्टी की नजर प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है। तीन सीटों पर चौधरी देवीलाल की पार्टी इनेलो भी दावेदारी ठोकने को तैयार है। साल 2019 में आप ने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। जेजेपी ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि तीन सीटें फरीदाबाद, रोहतक और करनाल आप को दी थी। सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी थी। इस समय कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सिरसा से सांसद रह चुके डा. अशोक तंवर आप की प्रदेश प्रचार समिति के संयोजक हैं। उनकी इच्छा सिरसा से लोकसभा चुनाव में इन्डिया का प्रत्याशी बनने की है। इसी प्रकार अंबाला के चौधरी निर्मल सिंह संयुक्त राष्ट्रीय सचिव तथा उनकी बेटी चित्रा सरवारा प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। आप के वरिष्ठ उप प्रधान अनुराग ढांडा पहले से ही रोहतक व कुरुक्षेत्र लोकसभा सीटों पर निगाह जमाए हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बार पार्टी की फरीदाबाद, रोहतक, करनाल के साथ सिरसा और अंबाला सीट पर भी टिकट का दावा कांग्रेस के सामने पेश कर सकती है।

### सभी दल ज्यादातर सीटों पर जता रहे हैं अपना हक 'इन्डिया' में उम्मीदवारी को लेकर घमासान के आसार

### इनेलो की इंडिया में शामिल होने की इच्छा

वहीं, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 110वीं जयंती है। इनेलो ने कैथल में करीब एक दर्जन प्रमुख नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए वहां पहुंच सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि इनेलो इनेलो इंडिया गठबंधन में शामिल होने का आधिकारिक ऐलान कर दे। अगर ऐसा हुआ तो इनेलो सिरसा, हिसार और भिवानी की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोक सकती है। तीनों सीटों का इनेलो का प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है।

### 4 सीटों पर सबके अपने-अपने दावे

खास बात यह है कि हरियाणा की 10 में से चार सीटों यानी रोहतक अंबाला, भिवानी और सिरसा पर कांग्रेस, आप और इनेलो चुनाव लड़ने के दावे ठोक रहे हैं।कांग्रेस सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। आप का दावा पांच सीटों पर चुनाव लड़ने की है। इनेलो तीन सीटों पर दावा करेगी। जबकि प्रदेश में लोकसभा की केवल 10 सीटें हैं। ऐसे में तीनों के बीच तालमेल हो पाएगा या नहीं, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

### कांग्रेस है गठबंधन के पक्ष में

ज्ञातव्य है कि मोदी के झूठे वादों की लहर के कारण साल 2014 और 2019 लोकसभा चुनावे हरियाणा की सभी सीटों पर हारने वाली देश की सबसे पुरानी कांग्रेस इस बार फिर पुरानी रणनीति पर अमल करना चाहती है। पार्टी का कई राज्यों में नए सिरे से चुनाव पूर्व गठबंधन करने का इरादा है। इन राज्यों में हरियाणा, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, झारखंड, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं।

# मोनू मानेसर का वीडियो आया

पृष्ठ संख्या 1 का शेष

### "मैं दोषी नहीं हूँ- - -"

नासिर और जुनैद हत्याकांड इसी साल फरवरी में हुआ था। दोनों के जले हुए कंकाल एक गाड़ी में पाये गए थे। वहीं इस हत्याकांड में मोनु का नाम सामने आया था। जिसके बाद राजस्थान की भरतपुर पुलिस ने अपनी जांच और कार्रवाई शुरू की थी। लेकिन मोनू मानेसर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। वह फरार हो गया। इसके बाद मोनू मानेसर के वीडियो सामने आए। जिसमें वह खुद को बिलकुल निर्दोष बताता हुआ दिखा।

वहीं हाल ही में नूंह हिंसा के बाद मीडिया को दिये अपने एक इंटरव्यू में मोनू मानेसर ने कहा था कि राजस्थान पुलिस अभी जांच कर रही है और उस जांच में मैं अब तक दोषी नहीं पाया गया हूं, मैंने चार्जशीट भी देखी है उसमें मेरा कोई नाम नहीं है और मैं यह कहना चाहता हूं कि हत्याकांड में मेरा कोई रोल नहीं है। बेवजह मुझे हत्याकांड का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। क्योंकि जिस दिन हत्या हुई मैं उस दिन गुरुग्राम में था और मैंने वीडियो भी जारी किए। अब ऐसा तो है नहीं कि मोनू दो दो हैं। मेरा इस हत्याकांड दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। जो कह रहा है गलत कह रहा है।

मोनू मानेसर का यह भी कहना था कि मैं फरार नहीं हूँ। अगर मैं दोषी निकलता हूं तो कानूनी दायरे में मेरे लिए जो भी सजा होगी मैं उसे स्वीकार कर लूंगा। मैं सरेंडर करने को तैयार हूँ। इसके साथ ही नूंह हिंसा पर भी मोनू मानेसर ने कहा था कि मेरा इस घटना में कोई भी लेना-देना नहीं है और न ही मैंने कोई भड़काऊ बयानबाजी की है। मुझे नुंह हिंसा का आरोपी बताकर टार्गेट किया जा रहा है। मेरे बारे में अफवाह फैलाई जा रही है।

### बृजमंडल यात्रा के दौरान हुई थी हिंसा

नूंह में 31 जुलाई को हिंदुओं की धार्मिक बृजमंडल यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में शामिल लोगों पर दूसरे समुदाय की तरफ से अचानक पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते हालात इस कदर बिगड़ गए कि, जमकर पत्थरबाजी हुई और आगजनी की गई। यात्रा में शामिल कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं कई गाड़ियां पथराव में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त की गईं। पत्थरबाजों ने पुलिस फोर्स पर भी पथराव किया और उनकी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। साथ ही हिंसा में छह लोग मारे गए।

## दिल्ली में पशुओं के लिए बनेगा एम्स जैसा संस्थान, मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

दिल्लीः अखिल भारतीय पशु चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एआ-ईआईवीएस) के स्थापना का मकसद एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है जो भारतीय पशुओं के स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देगा. इस संस्थान के माध्यम से पशुओं के लिए उच्च-तकनीकी चिकित्सा, शिक्षा, और अनुसंधान की व्यापक विकसन की संभावना है, जिससे पशुओं के रोगों का उपचार और स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जा सकेगा. यह संस्थान भारतीय कृषि और पशुपालन क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है और पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा में मदद कर सकता है.

# संयुक्त किसान मोर्चा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद की रखी माँग

**निशा शर्मा ब्यूरो चीफ**

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, 12 सितम्बरः रेवाड़ी की नई अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से एमएसपी पर बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। जिसमें मोर्चा के घटक संगठन जय किसान आंदोलन, भारतीय किसान यूनियन, आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्य शामिल रहे। धरने की अध्यक्षता किसान नेता एवं पूर्व सरपंच जगमाल सिंह ने की। धरने का संचालन मोर्चा के संयोजक अभय सिंह एवं कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने किया। धरना प्रदर्शन के दौरान आई तेज बरसात में भी किसान संगठनों का धरना जारी रहा। किसान भवन से मार्केट कमेटी तक जुलूस निकाला गया और अनाज मंडी में बड़ के पेड़ के नीचे अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

किसान संगठन से जुड़े आनंद यादव, रामकुमार, अभय सिंह, अशोक कुमार आदि ने कहा कि 5 सितंबर को संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रशासन को बाजरे की खरीद शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा था। ज्ञापन में मांग की गई थी कि 11 सितंबर से बाजरे की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य ड्ढ2500 प्रति क्विंटल के हिसाब से शुरू की जाए। लेकिन सरकार और प्रशासन की ओर से सरकारी खरीद शुरू नहीं की गई जिसको लेकर आज से अनाज मंडी में धरना शुरू किया गया है जब तक सरकार बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं करेगी तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारी किसानों की ओर से मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा गया जिसे सचिव ने सरकार को प्रेषित कर दिया। किसान नेताओं ने कहा कि एस. के.एम.की ओर से किसान भवन से लेकर जिला सचिवालय तक जोरदार विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया था और मांग की गई थी कि बाजरे की खरीद शुरू की जाए क्योंकि मंडी में बाजरे की आवक तेज हो गई है किसान अपनी फसल आढ़तियों को औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर है। सरकारी रेट ड्ढ2500 प्रति क्विंटल है जबकि किसी भी किसान का 17 सौ से 1800 से ऊपर बाजरा नहीं खरीदा जा रहा। माना जा रहा है कि सरकार एक अक्टूबर सुबह से बाजरे की खरीद शुरू करेगी लेकिन तब तक कर्ज में डूबा किसान लूट चुका होगा।

किसान को अपनी अगली फसल की बुवाई की तैयारी भी करनी है अगर उसके हाथ में पैसे नहीं होंगे तो वह अगली फसल की बिजाई कैसे करेगा। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए अशोक मूसेपुर, विजय सिंह, धर्मसिंह, रामकुमार निमोठ, जगमाल सिंह, राकेश कुमार, आनंद सिंह, महेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, अभय सिंह आदि ने सरकार से मांग की है कि तुरंत बाजरा की खरीद एमएसपी 2500 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए।

# हरियाणा के परिवहन मंत्री ने स्कूल और कालेज छात्राओं के लिए के लिए हरियाणा परिवहन की बस करवाई उपलब्ध

**सुरेंद्र शर्मा संवाददाता**

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

फरीदाबाद, सितम्बरः हरियाणा के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा की घोषणा के तीन दिन के अंदर ही गुरुग्राम के गांव घामड़ौज की बेटियों को कॉलेज तक परिवहन सुविधा मिल गई।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि घोषणा के अनुसार आज घामड़ौज से गर्ल्स पीजी कॉलेज सेक्टर-14 गुरुग्राम तक नए बस रूट की शुरूआत की गई। महिला सरपंच सुश्री साधना राघव ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।




प्रवक्ता ने बताया कि परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा घोषणा के तुरंत बाद छात्राओं की सुविधा के लिए दो दिन में बस का रूट निर्धारित कर छात्राओं को सौगात दे दी गई है।

गांव की सरपंच सुश्री साधना राघव ने घामड़ौज के शहीद स्मारक से हरियाणा रोडवेज की मिनी सिटी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस प्रतिदिन घामड़ौज से शुरू होकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौक से मिलेनियम सिटी सेंटर होते हुए बस अड्डे तक का सफर तय करेगी। उन्होंने बताया कि घामड़ौज गांव के विद्यार्थियों को गुरुग्राम के सेक्टर 14 स्थित कॉलेज तक पहुंचने में दिक्कतें आ रही थी, क्योंकि गांव मुख्य सडक से काफी अंदर की ओर बसा हुआ है। अब विशेष बस शुरू होने से विद्यार्थियों का समय बचेगा और आवागमन भी सुविधाजनक होगा।

# पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र में एक इन्डस्ट्री में लगी भयंकर आग

**महेश शर्मा संवाददाता**

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

करनाल, 12 सितम्बरः हरियाणा के पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र में एक इंडस्ट्री में भीषण आग लग गई। संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग बीती देर रात से धधक रही है। रातभर से आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मी जुटे हुए हैं, लेकिन कॉटन वेस्ट का माल पड़ा होने की वजह आग बुझने का नाम नहीं ले रही है।

मंगलवार सुबह होते ही एन एफ एल, थर्मल, रिफाइनरी, समालखा, पानीपत समेत करनाल व घरौंडा फायर स्टेशन से गाड़ियां मंगवाई गई हैं। लेकिन आग ने इंडस्ट्री को पूरी तरह अपने लपेटे में ले लिया है। जिस पर काबू पाने के लिए 15 गाड़ियां एक साथ जुटी हुई हैं।

### खाली करवाया गया आस-पास का क्षेत्र

आग को बढ़ता देख, सुरक्षा के चलते पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद आस-पास के क्षेत्र को खाली करवाया गया है। साथ लगती अन्य इंडस्ट्रीज को भी खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। तीन मंजिला इस बिल्डिंग में आग होने के कारण बिल्डिंग के भी गिरने की संभावना बनी हुई है। क्योंकि आग बीती रात से लगी हुई है। दीवारों में दरारें आ गई हैं। आग सेक्टर 29 पार्ट 2 के प्लॉट नंबर 46 में लगी हुई हैं।

### आग के कारण स्पष्ट नहीं

वहीं, दमकल कर्मियों ने जब इंडस्ट्री मालिक से आग लगने के कारण पूछे तो मालिक ने कहा कि अभी आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हैं। शॉर्ट सर्किट भी हो सकती है। वहीं आगजनि में हुए नुकसान का आकलन आग पूरी तरह बुझने के बाद लगाया जा सकेगा।

